जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर, 2023



# झोटवाड़ा से राजपाल और सिविल लाइंस से रणजीत सिंह ने लिया अपना नामांकन वापस

## बताया जा रहा है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कहने पर राजपाल सिंह बैकफुट पर आए

**जयपुर (कासं)।** राजधानी जयपुर में झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अब भाजपा प्रत्याशी कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की राह आसान हो गई है। इस राह को आसान किया है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने।

बताया जा रहा है कि पार्टी से बगावत कर निर्दलीय के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत ने अमित शाह के कहने पर अपना नामांकन वापस ले लिया है। इसी प्रकार सिविल लाइन से निर्दलीय प्रत्याशी रणजीत सिंह सोडाला ने भी नामांकन वापस ले लिया।

**■ राजपाल सिंह शेखावत ने नामांकन वापसी के बाद प्रैस कॉफ्रेंस कर कहा कि, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुझसे फोन पर बात की और उनकी बात मैं टाल नहीं सकता था, मेरे चुनाव लड़ने से ज्यादा जरुरी राजस्थान की जनता को इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार से मुक्ति दिलाना है।**

नामांकन वापसी के बाद राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे फोन पर बात की और उनकी बात को वह टाल नहीं सकते थे, उन्होंने कहा कि मेरे चुनाव लड़ने से ज्यादा जरुरी प्रदेश की जनता को इस भ्रष्ट कांग्रेस सरकार से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने कहा कि अमित शाह के फोन के बाद उसी जनता के बीच बुधवार को गया जिनके कहने पर नामांकन दाखिल किया था, जनता ने भी मेरी भावनाओं को समझा और उनके आदेश से नामांकन वापस लिया है।

नामांकन वापस लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि 33 साल तक राजस्थान की जनता के लिए काम किया। पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की सरकार में काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की शुरुआत मैंने की। राजस्थान को बीमारू राज्य से बाहर निकलने का मौका भी मुझे मिला। इन सबके बीच 2018 विधानसभा चुनाव में हार गया। जनता का जो फैसला है उसे स्वीकार किया, लेकिन इस बार पार्टी ने मुझे प्रत्याशी नहीं बनाया तो इसी जनता ने मुझसे चुनाव लड़ने के लिए कहा। जनता की डिमांड पर निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया था। पार्टी के प्रति मेरी निष्ठा में कोई कमी नहीं थी न है और न होगी। नामांकन दाखिल करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन पर बात की उन्होंने कहा कि प्रदेश की आम जनता के लिए इस भ्रष्ट कांग्रेस को उखाड़ फेंकना है, इसके लिए भाजपा की प्रदेश में सरकार बने हम सबको उस दिशा में काम करना है।

# बाबूलाल कटारा समेत तीन लोगों के खिलाफ चालान

## शिक्षक भर्ती पेपर लीक प्रकरण में ई.डी. ने पेश किया आरोप पत्र

**जयपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 के पेपर लीक व मनी लॉन्ड्रिंग से जुडे मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा, भूपेंद्र सारण और अनिल उर्फ शेरसिंह मीणा के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया है। आरोप पत्र में मनी लॉन्ड्रिंग व आईपीसी की धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। वहीं गोपाल सारण, सुरेश ढाका और सुरेश बिश्नोई सहित अन्य के खिलाफ जांच लंबित रखी गई है।

ईडी के विशेष लोक अभियोजक शैलेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि आरोपी बाबूलाल कटारा ने आरपीएससी के सदस्य होते हुए भी द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती का पेपर लीक किया। वहीं अन्य आरोपी भूपेन्द्र सहारण व अनिल के जरिए इस पेपर घोटाले के जरिए करोडों रुपए प्राप्त किए। इसके बाद आरोपियों ने इस राशि को अपने परिवारजनों के नाम से प्रॉपर्टी सहित अन्य जगह पर निवेश किया। इस मामले में एसओजी ने बाबूलाल कटारा को 18 अप्रैल व ईडी ने 15 सितंबर को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि कटारा ने पेपर को साठ लाख रुपए में अनिल को बेचा था। इसके बाद अन्य लोगों ने भी लाखों रुपए लेकर इन पेपर्स को आगे बेचान किया। विशेष कोर्ट ने मामले की सुनवाई 15 दिसंबर को रखी है।

## 'कांग्रेस राज में रोडवेज वेंटिलेटर पर पहुंची'

**जयपुर (कासं)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया पैनेलिस्ट शैलेन्द्र सिंह गुर्जर ने कहा कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम कांग्रेस सरकार के भ्रष्ट शासन में वेंटिलेटर पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पांच साल के शासन में रोडवेज की माली हालत इतनी गंभीर हो गई कि कर्मचारियों को दो-दो माह का वेतन तक नहीं मिल रहा। इतना ही नहीं, रोडवेज से सेवानिवृत्त कर्मचारी पेंशन के लिए चक्कर लगा रहे हैं। वेतन नहीं मिलने पर मजबूरन कर्मचारियों को सरकार के खिलाफ हड़ताल तक करनी पड़ रही है। हड़ताल के कारण 4000 से ज्यादा बसों का संचालन प्रभावित रहा, रोडवेज विभाग को 5 करोड़ रूपये प्रतिदिन नुकसान उठाना पड़ा। हड़ताल की राह पर चलने के बाद भी सरकार ने सुनवाई नहीं की तो चुनावी साल में कर्मचारियों ने वेतन व पेंशन को लेकर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया।

# राजस्थान हाउसिंग बोर्ड पर 5 लाख रु. हर्जाना लगाया

**जयपुर (कासं)।** जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर -तृतीय ने उपभोक्ता को जगतपुरा स्थित इंदिरा गांधी नगर योजना में प्लिंथ लेवल प्लॉट की जगह घटिया निर्माण सामग्री का मकान ज्यादा लागत पर देने को अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस व सेवा दोष करार दिया है। वहीं हाउसिंग बोर्ड पर पांच लाख रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड का परिवादी को प्लिंथ लेवल के प्लॉट की जगह देरी से घटिया निर्माण सामग्री वाला निर्मित मकान लेने के लिए मजबूर करना सेवा दोष है। ऐसे में परिवादी को हाउसिंग बोर्ड से क्षितपूर्ति दिलाया जाना उचित होगा। आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन माथुर व सदस्य सीमा शर्मा ने यह आदेश गिरधारी लाल सांवरिया के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि उसने वर्ष 2001 में इंदिरा गांधी नगर योजना में एचआईजी श्रेणी में प्लिंथ लेवल के मकान के लिए आवेदन किया था। उसे 236 वर्ग मीटर का प्लॉट आवंटित भी किया, लेकिन उसे कब्जा नहीं दिया गया। वहीं बाद में हाउसिंग बोर्ड ने 3 अगस्त 2010 को पत्र लिखकर उससे पूर्ण निर्मित मकान के लिए स्वीकृति मांगी और ऐसा नहीं करने पर वरीयता सूची निरस्त करने की चेतावनी दी। जिस पर परिवादी ने मजबूर होकर मकान के लिए अपनी मंजूरी दे दी। इस पर उसे 2012 में निर्मित मकान ज्यादा कीमत पर आवंटित कर दिया, लेकिन उसकी निर्माण सामग्री घटिया थी। परिवादी ने प्लिंथ प्लॉट की जगह उसे घटिया निर्माण सामग्री का मकान देरी और ज्यादा कीमत पर देने को उपभोक्ता आयोग में चुनौती देते हुए क्षितपूर्ति दिलाने का आग्रह किया।

## दीया कुमारी के समर्थन में विष्णु प्रताप सिंह ने नामांकन वापस लिया

**जयपुर।** सांसद व विद्याधर नगर से प्रत्याशी दीयाकुमारी के समर्थन में आज विद्याधर नगर विधानसभा से प्रत्याशी विष्णु प्रताप ने अपना नामांकन वापिस ले लिया और अपने समर्थकों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप संस्था के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शिशोदिया ने भी अपने समर्थको सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दीया कुमारी ने सभी को भाजपा का दुपट्टा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई।

दीया कुमारी ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं में महिला अत्याचारों को लेकर आक्रोश है। महिलाएं आगामी 25 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। जिस तरह से इन पांच सालों में हर दिन महिलाओं के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाएं घटी हैं उसे देखकर स्पष्ट है कि राजस्थान में कांग्रेस पूरी तरह साफ होगी।

# स्टेच्यू सर्किल पर अवैध 'फास्ट फूड' बाजार



**राजधानी जयपुर के स्टेच्यू सर्किल से राज मंदिर सिनेमाघर की ओर आने वाली सड़क पर हर शाम ''फास्ट फूड'' का अवैध बाजार लग रहा है। शाम 6 से यहां गाड़ियों से जुड़कर मोबाइल वैन के रूप में दुकानें पहुंचती हैं जो देर रात तक लगती है। इनके पास ना तो नगर निगम से कोई अनुमति हैं और ना ही इन दुकानों पर बिकने वाले खाने को कोई जांचने वाला है। हैरिटेज नगर निगम प्रशासन थड़ी-ठेले हटाने के नाम पर यूं तो शहर में जगह-जगह कार्रवाई करता हैं, लेकिन यहां चुप्पी साध रखी है।** फोटो-राष्ट्रदूत

# राजस्थान में कांग्रेस राज में सबसे ज्यादा दलित अत्याचार के मामले : राजेंद्र राठौड़

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं के हकों की बात चिदम्बरम कह रहे है लेकिन उन्हें पता नहीं है कि राजस्थान में ही कांग्रेस सरकार के शासनकाल में सबसे ज्यादा दलित अत्याचार के मामले सामने आए हैं। ईडी, आयकर और सीबीआई पर आरोप लगाना कांग्रेस नेताओं की आदत हो गई है जबकि वे जानते है कि ये एजेन्सियां बिना जांच और सबूतों के किसी पर भी कार्रवाई नहीं करती है। आखिरकार कांग्रेस के नेता इन जांच एजेन्सियों से इतना डर क्यों रहे है।

राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि पी.

**■ नेता प्रतिपक्ष ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम के बयान पर पलटवार किया**

चिदम्बरम ने आज जयपुर में प्रेसवार्ता कर कहा है कि किसानों का कृषि ऋण माफ किया गया है जबकि हकीकत यह है कि राजस्थान में 19 हजार से अधिक किसानों की जमीन नीलाम कर दी गई है और कर्ज से तंग आकर राजस्थान में 16 से अधिक किसानों ने आत्महत्या कर ली है। 100 यूनिट बिजली का माफी के नाम पर जनता के साथ धोखा किया गया है अब यहां घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढकर आने लगे है।

केन्द्रीय मंत्री शहरी क्षेत्र में मनरेगा के तहत 125 दिन का रोजगार दिए जाने की बात कह रहे हैं लेकिन यह नहीं बता रहे कि इस योजना में कितने बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है। वे भूल गए कि बेरोजगारी में राजस्थान देश में नंबर एक स्थान पर पहुंच चुका है और यहां बेरोजगारी दर सबसे अधिक है। चिरंजीवी योजना में निजी अस्पताल इलाज नहीं कर रहे हैं लेकिन यह बात उन्हें मालूम नहीं लगती है।

# मुगलिया सोच वाली सल्तनत को परास्त करने प्रधानमंत्री मोदी उदयपुर आए : सी.पी.जोशी

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने उदयपुर में चुनावी विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साफा पहनाकर अभिनंदन किया और स्वागत भाषण के संबोधन में बोले कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यहां मुगलिया सोच वाली सल्तनत को परास्त करने के लिए पधारे है। जिस कांग्रेस सरकार ने उदयपुर में भगवा झंडे और हिंदू त्योहारों को मनाने पर प्रतिबंध लगाया ऐसी मुगलिया सोच वाली सरकार को अब उखाड़ फेंकना है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की पीठ थपथपाई, वही उनके कंधे पर हाथ रखकर उनकी प्रशंसा की। गौरतलब है कि इससे पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर और उदयपुर की रैलियां में उनकी पर्सनल गाड़ी में बैठकर सभा में रोड शो किया था तब भी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी उनके साथ थे।

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट, डरा धमकाकर अवैध वसूली और प्लाटों पर कब्जा करने वाले हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण योगेश गोयल ने बताया कि शिवदासपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई मारपीट, डरा धमकाकर अवैध वसूली और प्लाटों पर कब्जा करने वाले आरोपी हिस्ट्रीशीटर मुकेश बागड़ा उर्फ मुकेश लंगड़ा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है।

## तीये की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय **श्री दामोदर जी पारीक** पुत्र स्व.श्री श्रीबक्स पारीक का स्वर्गवास दिनांक 8.11.23 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 10.11.23 को दोपहर 2.30 से 3.30 बजे पारीक कालेज, बनीपार्क, जयपुर में होगी।

**शोकाकुल**- उमा देवी (पत्नी), गिरधारी, महेश (पुत्र), अशोक, ओमप्रकाश, वेदप्रकाश, महेश (भाई), अमरनाथ, किशन, मोहन (भतीजे), लोकेश, योगेश, नितेश (पौत्र) एवं समस्त बिंदायका वाला परिवार।

## सफाई और रोड लाइट्स के लिए ग्रेटर निगम में धरना

**जयपुर।** ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय पर गुरूवार को नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। उनकी मांग थी कि दीपावली से पूर्व शहर में खराब पड़ी रोड लाइट्स, सफाई, कचरा गाड़ी और टूटी सड़कों के पेचवर्क का काम पूरा हो। काफी देर तक हंगामा करने के बाद राजीव चौधरी ने आयुक्त बाबूलाल गोयल को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर रमेश शर्मा, आशीष परेवा, दामोदर मीना, विजेंद्र सैनी, ज्योति सैनी, राजुला सिंह, राम सिंह चौधरी, सन्नू चौधरी, हेमराज बैरवा व राजेश मौजूद थे।

## नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम कंवल दीप सिंह भारारा (KANWAL DEEP SINGH BHARARA) से बदलकर कंवल दीप सिंह (KANWAL DEEP SINGH) पुत्र श्री हरजीत सिंह एवं मेरी माताजी का नाम DEVINDER KAUR से बदलकर DAVINDER KAUR रख लिया है। भविष्य में हमें नये नाम से जाना जावे। पता-4/98 A.F.S, मानसरोवर, जयपुर

हम सौरभ पोपली (पिता) और शीतल पोपली (मां) निवासी 9032 एटीएस कासा एस्पाना सेक्टर 121 एसएएस नगर मोहाली ने दिनांक 09.11.2023 के नोटरीकृत हलफनामे के माध्यम से अपने बेटे का नाम स्वनिक से स्वनिक पोपली में बदल दिया है। उसे स्वनिक पोपली के नाम से जाना जाएगा। भविष्य में सभी प्रयोजनों के लिए

## खोया पाया

मेरे मकान C6 मैटल कालोनी ढ़हर बालाजी कागजात पट्टा खो गया है। मिलने पर सूचित करें। 9829291624

मेरा फ्लैट नं. 18/डी/704, गोमती अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर, जयपुर का मूल आवंटन, कब्जा, भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सम्पर्क करें। 7737477222

## संशोधन

आधार कार्ड में मेरे नाबालिग पुत्र का नाम अंकित काजला एवं जन्मतिथि 04.06.2007 गलत दर्ज हुई है। सही नाम नीतिन चौधरी एवं सही जन्म तिथि 29.04.2012 जानी जावे। सतीश काजला पुत्र श्री जगदीश प्रसाद ग्राम-ठीकरिया, तह. खण्डेला जिला सीकर (राज.)

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 268/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री योगेश्वर दयाल रावल निवासी 383ए, गैटोर रोड, ब्रह्मपुरी जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट 383ए, गैटोर रोड, ब्रह्मपुरी जयपुर राजस्थान प्रन्यास के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 23.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 2.1.24

मोहर अदालत

आकाश रंजन (आर.ए.एस.)
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

**आम सूचना** दिनांक: 10.11.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक फ्लैट 13/119 जो कि मालवीय नगर, जयपुर में स्थित है, जिस पर मेरे पति कुमार मुकेश ने एचडीएफसी लिमिटेड से ऋण लिया हुआ था तथा उक्त फ्लैट के समस्त असल दस्तावेज एचडीएफसी लिमिटेड में रहन (MORTGAGE) रखे हैं। यह कि मेरे पति कुमार मुकेश का दिनांक 21 मई 2023 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त फ्लैट के पेटे लिये हुये ऋण की पूर्ण अदायगी एचडीएफसी लिमिटेड को की जा चुकी है, इसलिये अब मैं उक्त फ्लैट के असल दस्तावेजों को प्राप्त करना चाहती हूँ यदि इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति है तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से सात दिवस तक की अवधि में एचडीएफसी लिमिटेड, सी स्कीम, जयपुर (फोन नम्बर 0141-5150888) में सम्पर्क करें। सूचित रहे।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-4/26 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 198.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री विरेन्द्र नाथ पुत्र श्री देश राज को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 10080 दिनांक 4/1/1084 जारी किया गया। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 23/3/1993 को करवाया गया। श्री विरेन्द्र नाथ अरोड़ा की मृत्यु दिनांक 20/1/2020 को हो जाने के कारण श्री पंकज अरोड़ा पुत्र स्व.श्री विरेन्द्र नाथ अरोड़ा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं रजिस्टर्ड हकत्याग की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त हीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री पंकज अरोड़ा पुत्र स्व.श्री विरेन्द्र नाथ अरोड़ा के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेंगी।

सम्पदा प्रबंधक वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति प्लाट नम्बर 1189, रामनगर, नाहरी का नाका (पूर्व) शास्त्री नगर, जयपुर, राज., कुल क्षेत्रफल 125.00 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति करण सिंह को नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा जरिये नीलामी की पुष्टी पत्र नं. 1867 दिनांक 27-01-1979 द्वारा प्राप्त हुई एवं कब्जा पत्र दिनांक 21-05-1979 द्वारा कब्जा प्राप्त कर लिया एवं रजिस्टर्ड खालसा जमीन का विक्रय पत्र संख्या 114/83 दिनांक 10-8-1983 भी प्राप्त कर लिया। करण सिंह ने उक्त सम्पत्ति को दो अलग-अलग रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29-8-1983 द्वारा छगन लाल एवं श्रीमती नन्छी देवी को विक्रय कर दिया। छगन लाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती नन्छी देवी के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों में उनके एकमात्र पुत्र गोपाल लाल कुमावत उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से मालिक, स्वामी व अधिकारी काबिज हुए एवं गोपाल लाल कुमावत ने नगर निगम, जयपुर से उक्त सम्पत्ति का नाम हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 5 दिनांक 4-4-2014 अपने नाम से प्राप्त कर लिया। इस प्रकार गोपाल लाल कुमावत उक्त सम्पत्ति के एकमात्र रूप से विधिक रूप से मालिक स्वामी अधिकारी काबिज हुए। अब इनसे वसीम अहमद व समीर खान उक्त सम्पत्ति को क्रय कर रहे है, जिस बाबत मेरी अभिभाष्य HDFC Bank Ltd से ऋण ले रहे है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अमवासी व अमान्य समझी जावेगी। ऋषिकेष महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर) पता-82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज. दिनांक-9-11-2023

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर : 0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-2/31 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 120.00 वर्ग मीटर का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र कमांक 297 दिनांक 04.05.1998 श्रीमती भंवर देवी पत्नी श्री मधु सूदन शर्मा के पक्ष में जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 18.03.2000 को करवाया गया। श्रीमती भंवर देवी की मृत्यु दिनांक 05.12.2022 को हो जाने के कारण श्री जन्मेजय शर्मा एवं श्री सनत शर्मा पुत्रान् स्व. श्री मधु सूदन शर्मा के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं राशन कार्ड की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/ बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री जन्मेजय शर्मा एवं श्री सनत शर्मा पुत्रान् स्व. श्री मधुसूदन शर्मा के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जायेंगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय रा.आ. मण्डल जयपुर

## सार-समाचार

### जरूरतमंदों के लिए 'दान उत्सव' अभियान



**जयपुर (कासं)।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान की ओर दीपावली के उपलक्ष्य में ''दान उत्सव'' अभियान चलाया गया है, जिसके तहत एक हजार वॉलंटियर्स ने घर-घर, अपार्टमेंट्स व मॉल्स में जाकर दान उत्सव के लिए कैम्प लगाए हैं। आमजन ने भी बढ़-चढ़कर इन शिविरों के जरिए जरुरतमंदों के लिए कपड़े, स्टेशनरी, जूते-चप्पल, कॉपी-किताबें, बर्तन, कंप्यूटर, साइकिल, बैग, राशन-सामग्री, फर्नीचर, और मिठाई का सहयोग दिया है। लोगों के सहयोग से मिली इन वस्तुओं को जरुरतमंद, बेघर, बेसहारा, सड़कों पर रहने वाले और आस-पास के गांवों के जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। स्वास्थ्य कल्याण होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर व ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से ''दान उत्सव'' अभियान गत 6 वर्षों से चलाया जा रहा हैं, जिसमें अब तक लाखों जरूरतमंद लाभान्वित हो चुके है। ट्रस्ट द्वारा कुम्भा मार्ग स्थित कार्यालय में वस्त्र बैंक का संचालन भी किया जा रहा है, जिसमें लोग वस्त्र दान करते हैं। समन्यवक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा वितरण के लिए वालंटियर्स की टीमें गठित की जाती है एवं अलग-अलग उनको भेजा जाता है टीमों में मुख्य रूप से दुर्गा वर्मा, संगीता सक्सेना, भास्कर, अंजू वर्मा, दिनेश आलोरिया, नितेश, मनीष, सुमन देवी, जागृत सोनी, शिखर अग्रवाल आदि शामिल है।

### सोडाला में बाइक शोरूम में आग लगी

**जयपुर।** राजधानी के सोडाला इलाके के अजमेर रोड स्थित बाइक शोरूम में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। इससे शोरूम लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार आगजनी के दौरान शोरूम में ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। सभी ने शोरूम में खड़ी बाइक्स को बाहर निकालना शुरू किया, लेकिन आग भीषण होती गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। शोरूम में खड़ी कई बाइक और सामान आग की चपेट में आने से खाक हो गया। पुलिस का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। आग में लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। मालिक की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्य फायर अधिकारी देवेन्द्र मीणा ने बताया कि अजमेर रोड सोडाला पर दो मंजिला सुजुकी कंपनी का बाइक शोरूम है। दो मंजिला बाइक शोरूम के फर्स्ट फ्लोर पर आग लगी थी। शोरूम के ग्राउंड फ्लोर पर नई बाइक्स खड़ी हुई थीं। फर्स्ट फ्लोर पर ऑफिस बना है। इसमें डॉक्यूमेंट सहित अन्य काम किया जाता है। बिजली वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से ऊपरी मंजिल में आग लग गई। आग की लपटें उठती देखकर कर्मचारी नीचे आ गए थे। आग की लपटों के ग्राउंड फ्लोर पर पहुंचने से पहले ही शोरूम में खड़ी नई बाइक्स को बाहर निकाल लिया गया था। ऊपरी मंजिल पर रखा फर्नीचर सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया है।

### स्कूल के बच्चों संग मनाई दिवाली

**जयपुर।** दीपावली पर सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ खुशियां बांटने के लिए ''मान द वैल्यू'' फाउंडेशन की टीम आगे आई है। संस्था के पदाधिकारियों ने गुरूवार को जगतपुरा क्षेत्र की कई सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों को फ़ूड पैकेट्स, मिठाई और चॉकलेट्स वितरित की। साथ ही बच्चों के साथ आतिशबाजी कर दीपावली की खुशियां साझा की गई। फाउंडेशन की संरक्षिका मनीषा सिंह ने बताया कि दीपावली का त्यौंहार खुशियां मनाने और बांटने का त्यौंहार हैं। मान फाउंडेशन ने राया फाउंडेशन के साथ मिलकर जरूरतमंद बच्चों को फ़ूड पैकेट्स, पटाखे, मिठाई और सामान उपहार स्वरूप दिए हैं। मनीषा ने बताया कि इस आयोजन में कशिश लालवानी, अलका गौड़, देवयानी शर्मा, वृंदा राठौड़, डॉ. लविश, वंशिका सिंह, यशिका शर्मा, शुभ, नैतिक और अरुण का सहयोग रहा।

### राजभवन में मनाया उत्तराखंड दिवस

**जयपुर।** राजभवन में गुरुवार को उत्तराखंड वंदन के साथ हिमालय की संस्कृति को जीवंत करते लोक नृत्य के साथ उत्तराखंड दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस दौरान उत्तराखंड के लोगों से संवाद कर उन्हे उत्तराखंड स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि उत्तराखंड अध्यात्म की संस्कृति का गढ़ प्रदेश ही नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक दृष्टि से भी सर्वाधिक संपन्न राज्य है। उन्होंने कहा कि आरंभ से ही इस प्रदेश से उनका निकट का नाता रहा है, यह तीर्थाटन की पावन धरा है।



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जयपुर, शुक्रवार 10 नवम्बर, 2023


ऐतिहासिक धनतेरस

सिर्फ 5 दिन में

10 लाख

धन बढ़ेगा

FIXED PRICE

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

80% SOLD OUT

BOOKING AMOUNT 10%

20% UNITS LEFT

PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट यूनिट टाइप | साइज | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है उसी तरह मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है। –रवींद्रनाथ ठाकुर

# चुनाव का प्रथम चरण पूरा हो गया

देश की 5 विधान सभाओं के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। ये राज्य हैं, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम। लेख का संबंध राजस्थान विधानसभा से है। चुनाव प्रक्रिया को तीन खण्डों में बाँटा जा सकता है। नोमिशन, विद्ड्रोअल व मतदान व चुनाव का रिजल्ट। नामांकन की प्रक्रिया एक प्रकार से ऐतिहासिक रही है। सभी राजनैतिक पार्टियां भ्रमित सी लग रही थीं। उम्मीदवार के सेलेक्शन के लिये किसी भी पार्टी के कोई नियम नहीं दिखाई दिये। निर्णय लेने की क्षमता में सभी राजनैतिक पार्टियां काफी कमजोर दिखाई दी हैं।

साधारणतः उम्मीदवारों की लिस्ट एक अथवा दो होती रही है। इस बार तो सात तक लिस्टें प्रकाशित हुई हैं। अन्तिम चौकाने वाली थीं। राजनीतिक पार्टियों ने सम्भवतः यह घोषणा कर दी थी कि अपनी पार्टी छोडो और विरोधी पार्टी से टिकट प्राप्त करो। कांग्रेस व बीजेपी में इस बाबत होड़ लगी हुई है। कांग्रेस विधायक मलिंगा को बीजेपी ने बाडी से टिकट दिया। कर्नल सोनाराम चौधरी, मनीषा पंवार, प्रशांत शर्मा को कांग्रेस में आते ही तत्काल टिकट दे दिया। मानों यह तो पहले ही तय था। ज्योति खण्डेलवाल ने बीजेपी में शामिल हुई, इसका कारण यह बताया गया कि कांग्रेस में उनकी कोई पूछ ही नहीं रही। लगातार हारने वालों को टिकट दिये गये। कारण बताया कि पार्टी की यही नीति रही है कि सभी संघटनों को प्रतिनिधित्व दिया जावे। कई उम्मीदवारों की सीटें बदली गई। कई नये चेहरे भी लिये तो कई बडे–बडे नेताओं का नाम लिस्ट में पढ़ने को नहीं मिले।

ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस व बीजेपी दोनों ने टिकट तो दिये किन्तु उनका विवेक क्या था, यह समझ से परे था। यह पहली बार हुआ कि पार्टी ज्वाईन करो और तत्काल टिकट पाओ। चुनाव बहुत नाटकीय होगा और कई नतीजे विस्मय पैदा करने वाले होंगे। कई सीटों के चुनाव दिलचस्प होंगे। गुर्जर बनाम गुर्जर, और जाट बनाम जाट की टक्कर का तमाशा यादगार रहेगा वोटों का ध्रुवीकरण होने से मुकाबला रोचक होगा। शायद इस बार हिन्दुत्व का नारा चलेगा और मुस्लिम वोट बटेंगे। गणित के कई गुर टूटते नजर आयेंगे। चुनाव में खडे उम्मीदवार कुछ समय के लिये धार्मिक हो जायेंगे। पुजारी के भाव बढ़ जावेंगे। प्रसाद की बिक्री बढेग़ी, कुछ को रोजगार भी मिलेगा। चुनाव के मैदान में आप सीख सकते हैं, लव–जिहाद, सनातन हिन्दुत्व धर्म परिवर्तन क्या है?

गत वर्षों में हेट स्पीच पर कोर्ट ने तथा समाज ने राजनीतिक पार्टियों की अच्छी खिंचाई की थी। चुनाव के समय हेट स्पीच चुनाव कानून के अनुसार अपराध है और गलत आचरण भी, इसके कारण चुनाव के नतीजे गंभीर रूप से प्रभावित होना माना जा सकता है और चुनाव निरस्त तक हो सकता है।

चुनाव के समय विशेषकर अपनी पार्टी बदलकर दूसरी पार्टी ज्वाईन करने पर भी दल बदल कानून लागू किया जा सकता है अथवा नया कानून बनना चाहिये। जो उम्मीदवार नोमिनेशन भरते समय अपनी राजनीतिक पार्टी छोड़कर दूसरी राजनीतिक पार्टी में शामिल होता है, तो उसे क्पुनेंसपलि किया जाना चाहिये। साथ ही विधायक को दी जाने वाली पेंशन नहीं दी जानी चाहये। उस सीट को जिससे वह चुनाव लड़ना चाहता है, वेकेन्ट मानकर दुबारा चुनाव होने चाहिये।

विशेषज्ञ मानते हैं कि बागी प्रत्याशी 30 हैं जो सीट बदल सकते हैं। भाजपा व कांग्रेस के ये प्रत्याशी वे हैं जो भाजपा–कांग्रेस के पूर्व विधायक और वरिष्ठ नेता बागी होकर चुनाव के दंगल में जोर आजमा रहे हैं। ऐसे प्रत्याशी कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टियों का समीकरण बिगाड सकते हैं। दोनों ही पार्टियां डेमेज कन्ट्रोल पर कडी मेहनत कर रही हैं। बागियों को मनाने में लगी हुई हैं। विद्ड्रोवल की तारीख 9.11.2023 थी संभावना है कि कुछ लोग उसे दिन तक अपना नाम ही विद्ड्रो कर सकते है। छत्तीसगढ़ के प्रथम चरण और मिजोरम की 40 सीटों पर चुनाव दिनांक 7.11.2023 को था, इससे भविष्य की एक झलक जरूर देखने को मिलेगी।

> **चुनाव में खड़ा होने वाला पढ़ा लिखा होना चाहिये। उसे संविधान की जानकारी हो और अनुच्छेद 51क में जो कर्त्तव्य दिये हैं, उन्हें निष्ठा के साथ निभाने की शपथ/घोषणा करनी चाहिये। नामांकन पत्र में यह घोषणा होनी चाहिये और साथ ही प्रत्येक प्रत्याशी को यह भी घोषणा करनी चाहिये कि वह जीवन में घूस न तो लेगा और देवेगा।**

देश की सभी राजनीतिक पार्टियां मुफ्त की रेवड़ी बांटने में लगी है। पीएम मोदी ने घोषणा की है कि फ्री राशन आगामी 5 वर्षों तक जनता को मिलता रहेगा। यह घोषणा प्रधानमंत्री ने पाँच राज्यों के चुनाव के दौरान की है। क्या ऐसी घोषणा कोई भी राजनीतिक पार्टी करे, वह भी चुनाव के समय लालच को जन्म देती है? क्या यह चुनाव की Corrupt Practice है? कुछ भी हो यह गम्भीर बहस का विषय है। हमारी संस्कृति कर्मवादी है, अतः स्वयं की कमाई पर निर्भर रहना उचित है। भारत कल्याणकारी राज्य है और कल्याणकारी राज्य का काम है कि जनता के लिये रोजगार के साधन पैदा करे ताकि वह जीने की कला में व गुणवत्ता में उचित सुधार के महत्व को समझ सके।

मुफ्त की रेवडी बांटना वास्तव में मतदाता को घूस देना है प्रलोभन देना है। जाति व धर्म के नाम पर वोट मांगना अथवा वोट देने से मना करना करप्ट आचरण है। सरकारी कर्मचारी से अपने हित में चुनाव संबंधित काम कराना जो चुनाव के रिजल्ट को प्रभावित करता है चुनाव अपराध है।

जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 जिसे आर पी एक्ट द्वारा लेख में प्रयोग होगा वह चुनावों में निष्पक्षता और स्वच्छ आचरण के हेतु संसद ने बनाया है। आर पी एक्ट की धारा 123 में Corrupt Practice को परिभाषित किया गया है। इसका अर्थ है चुनाव में स्वच्छता हो, बल प्रयोग, प्रलोभन, घूस, मिस रिप्रेजन्टेशन, इमपरसोनेशन के हेतु कोई स्थान नहीं है। यानी ये चुनाव अपराध है। जनता जानती है मतदाता को शराब बांटी जाती है, नकद देते हैं, स्कूटी, कम्प्यूटर आदि दी जाती है। भाषणों में हेट स्पीच का प्रयोग किया जाता है। इनको रोकने का प्रयत्न कानून बनाकर किया जाता है। वर्तमान कानून में व्यवस्था है, किन्तु वे पर्याप्त नहीं है। अतः आर पी एक्ट 1951 को नये सिरे से संशोधित करना होगा। चुनाव की घोषणा के बाद रेबडी बांटना बंद हो और जनता से यानी मतदाताओं से वायदा करना। संगीन अपराध माना जाता है।

चुनाव में खड़ा होने वाला पढ़ा लिखा होना चाहिये। उसे संविधान की जानकारी हो और अनुच्छेद 51क में जो कर्त्तव्य दिये हैं, उन्हें निष्ठा के साथ निभाने की शपथ/घोषणा करनी चाहिये। नामांकन पत्र में यह घोषणा होनी चाहिये और साथ ही प्रत्येक प्रत्याशी को यह भी घोषणा करनी चाहिये कि वह जीवन में घूस न तो लेगा और देवेगा। आर पी एक्ट 1951 में इन घोषणाओं का उल्लेख होना चाहिये और इनकी पालना न होने पर प्रत्याशी को दण्डित किया जाना चाहिये, उसका चुनाव भी रद्द किया जा सकता है।

चुनाव में प्रचार के हेतु रेली निकाली जाती है, कभी कभी रेली दंगों में तब्दील हो सकती है अतः इसे बंद किया जाना चाहिये और इसके स्थान पर वर्चुवल मीटिंग जैसी व्यवस्था होनी चाहिये।

चुनावों में बडे लोग मतदान करने नहीं आते हैं, अतः चुनाव में मतदान को आवश्यक कर्म मानना चाहिये और जानबूझकर, इसके उल्लंघन को अपराध बनाया जाकर दण्डित किया जाना चाहिये।

चुनाव में सबसे बडी समस्या बागियों की है। बागियों में अधिकांश प्रत्याशी प्रभावशाली होते हैं अथवा बडे नेता। भाजपा में चार दर्जन से अधिक बागियों ने नामांकन पत्र भरा है। बागियों में कुछ ने बतौर निर्दलीय व कुछ ने आरएलपी के टिकट पर नामांकन दाखिल किया है वह भी अपने तेवर दिखाते हुये नामांकन पत्र भरे हैं। चुनाव में इस बीमारी को रोकना होगा।


कानून में चुनाव के खर्चे का विवरण प्रत्याशी को चुनाव अधिकारी को देना आवश्यक है; किन्तु जो मान्य खर्चा माना गया है, वह बहुत ही कम है। इसे बढ़ाना आवश्यक है। देश में चुनाव के खर्चे पर समय समय विचार होता रहा है, कोई कहता है, खर्चा सरकार को उठाना चाहिये। कोई यह भी कहता है कि खर्चे पर प्रतिबंध उचित नहीं है। इस समस्या को सुलझाने की दृष्टि से इलेक्टरल बॉण्ड की योजना सरकार लेकर आई है। इसकी वैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट बहस सुन चुकी है और निर्णय शीघ्र आ सकता है।

जयपुर में नामांकन पत्रों के संबंध में जो रिपोर्ट आई है उसमें 35 नामांकन स्कूटनी के बाद 19 सीटों पर 254 प्रत्याशी बचे हैं। नाम वापिस लेने (Withdrawal) की तारीख 9.11.2023 तक है। चुनाव का पहला चरण पूरा हुआ। दूसरा चरण मतदान का तथा तीसरा चरण चुनाव के रिजल्ट का है। विधान सभा बनने के समय और इसके बाद भी दल बदल की घटना कभी भी हो सकती है।

सावधान! मतदाता तेरी जय हो!

–अतिथि सम्पादक,
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# दीपावली–पाँच दिन उत्सव और पर्व दीपावली



डा. जे के गर्ग

**भारतवर्ष** के अंदर दीपावली पाँच दिन का पर्व और उत्सव को कार्तिक कृष्णा तेरस से कार्तिक शुक्ल दूज तक हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई जाती है जिन्हें धनतेरस, नरक चतुर्दशी, अमावस्या दीपावली, बाली प्रतिपदा गोवर्धन पूजा एवं यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में जाना जाता है। इन सभी दिनों के बारे में अनेक किंवदन्तियाँ पौराणिक और धार्मिक मान्यता है। उल्लेखनीय महाराष्ट्र में दिवाली का पर्व छह दिनों तक मनाया जाता है यहाँ दिवाली वासु बरस या गौ वास्ता द्वादशी के साथ शुरू होता है और भैया दूज के साथ समाप्त होता है।

पांच दिन के पर्व दिवाली का प्रथम दिन धनतेरस या धनवंतरी त्रयोदशी के रूप में मनाया जाता है धनतेरस का अर्थ है धन एवं संपत्ति है। धनतेरस को देवताओं के चिकित्सक भगवान धन्वंतरि की जयंती के रूप में मनाया जाता है, पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन के दौरान अवतरित हुए थे। इस दिन को शुभ मानते हुए लोग बर्तन, सोना–चार्दी जेवरात आदि खरीदना शुभ और मंगलकारी मानते हुए इसकी खरीदारी करते हैं। पांच दिन के पर्व दिवाली के दूसरे दिन चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी के रूप में मनाया जाता है, कुछ स्थानों पर इसको छोटी दिवाली भी कहते हैं। कहा जाता है कि ईसी दिन भगवान कृष्ण ने राक्षस नरकासुर को मारा था। नरक चतुर्दशी को बुराई एवं अंधकार पर अच्छाई एवं प्रकाश की विजय के संकेत के रुप में मनाया जाता है। छोटी दिवाली के दिन लोग अपने घरों के आसपास बहुत से दीपक जलाते है और घर के बाहर रंगोली बना कर खुशी का इजहार करते है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का महत्व गंगा के पवित्र जल में स्नान करने के समकक्ष माना जाता है। पांच दिन के पर्व के तीसरे दिन अमावस्या को दीपावली के यूप में मनाया जाता है इस दिन सभी घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठान, कार्यस्थलों, ऑफिसों में धन–संपदा की देवी लक्ष्मी माता की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है और विपत्ति–कष्ट के निवारण के लिये प्रथम देव भगवान गणेशजी की भी पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि माता लक्ष्मी घर–परिवार में सुख– समृद्धि प्रदान कर समस्त परिजनों को आशिर्वाद देकर उन पर धन–धान्य की वर्षा करेंगी। नगर, गलियों, घरों, सार्वजनिक जगहों पर दिये की रोशनी से अमावस्या के अँधेरे को शीतल पूर्णिमा की चांदनी मे बदल दिया जाता है। पांच दिन के पर्व के चौथे दिन बाली प्रतिपदा और गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसका गोवर्धन पूजा (अन्नकूट) के रूप में मनाया जाता है। भगवान कृष्ण द्वारा इंद्र के गर्व को पराजित करके लगातार बारिश और बाढ़ से बहुत से लोगों (गोकुल वासी) और मवेशियों के जीवन की रक्षा करने के महत्व के रुप में इस दिन जश्न मनाते है। अन्नकूट मनाने के महत्व के रुप में लोग बडी मात्रा में भोजन की सजावट(कृष्ण द्वारा गोवर्धन पहाड़ उठाने प्रतीक के रुप में) करते है और पूजा करते है। यह दिन कुछ स्थानों पर दानव राज बाली पर भगवान विष्णु (वामन) की जीत मनाने के लिये भी बाली–प्रतिपदा के रूप में मनाया जाता है। कुछ स्थानों जैसे महाराष्ट्र में यह दिन पड़वा या नव दिवस (रूप में भी मनाया जाता है और सभी पति अपनी पत्नियों को उपहार देते है। गुजरात में इसको नये दिन के रूप में भी मनाते हैं यह विक्रम संवत नाम से कैलेंडर के पहले दिन के रूप में मनाया जाता है। दिवाली पर्व के पांचवे दिन को यम द्वितीया या भाई दूज के रूप में मनाते हैं इस दिन को भाए बहनों के अटूट स्नेह बंधन के पर्व में जाना जाता है इस पर्व के पीछे मृत्यु के यम की कहानी है। आज के दिन यमराज अपनी बहन यामी यमुना से मिलने आये और अपनी बहन द्वारा उनका आरती के साथ स्वागत हुआ और यम एवं यामी ने साथ साथ में खाना भी खाया। यम ने अपनी बहन यामी को अनेकों उपहार भी दिये। लोग यम द्वितीया या भाई दूज को बहन–भाई के पारस्परिक प्रति प्रेम और स्नेह के रूप में मनाते है।




### कार्तिक अमावस्या को ही दीपावली मनाई जाने के पीछे धार्मिक सामाजिक वैज्ञानिक मान्यता

माना जाता है कि कार्तिक महीने की अमावस्या को देवताओं द्वारा समुद्र मंथन के समय देवी लक्ष्मी क्षीर सागर से ब्रह्माण्ड में अवतरित हुई थी। इसी वजह से कार्तिक महीने की अमावस्या को माता लक्ष्मी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिवाली के त्यौहार के रूप में मनाना शुरू किया था भगवान। कृष्ण ने कार्तिक महीने की चतुर्दशी को नरकासुर को मार कर समस्त महिलाओं को मुक्त करवा के उनकी जान बचाई थी इसलिए दीपावली से एक दिनपूर्व चतुर्दशी को इस घटना को उत्सव के रूप में मनाया जाता है। महाभारत के अनुसार 12 वर्ष के निष्कासन एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद कार्तिक महीने की अमावस्या को पांडव राज्य में सकुशल लौटे थे। पांडवों के वापस लौटने से वहां के लोग बहुत खुश थे, उन्होंने मिट्टी के दीपक जलाकर और पटाखे जलाकर पांडवों के लौटने दिन को मनाना शुरू कर दिया। बहुत समय पहले एक राक्षस था जिसने लड़ाई में सभी देवताओं को पराजित किया और सारी पृथ्वी और स्वर्गको अपने अधिकार में ले लिया। तब माँ काली ने देवताओं, स्वर्ग और पृथ्वी को बचाने के उद्देश्य से देवी दुर्गा के मष्तिष्क से जन्म लिया था। राक्षसों की हत्या के बाद उन्होंने अपना नियंत्रण खो दिया और जो भी उनके सामने आया उन्होंने हर किसी की हत्या करनी शुरू कर दी। भगवान शिव ने माता काली के चरणों में लेट गये जिससे उनका क्रोड़ शांत हुआ बंगाल उडीसा उस पल को यादगार बनाने के लिए उसी समय से ही दिवाली पर देवी काली की पूजा करके मनाया जाता है।सोने की लंका के स्वामी रावण का वध करने के बाद अयोध्या वापस लोटें तो वहां के नर–नारीयों ने समूचे राज्य को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया और राम सीता लक्ष्मण के आगमन पर खुशी प्रकट करने हेतु आतिशबाजी कर पटाखे जलाये, तभी से भारत भूखंड में कार्तिक मास की अमावस्या को दिवाली मनाई जाती है। राजा विक्रमादित्य का राज्याभिषेक भी कार्तिक अमावस्या को हुआथा तबसे लोगों ने दिवाली को ऐतिहासिक पर्व के रुप से मनाना शुरु कर दिया था। बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध के अनुयायियों ने आज के लगभग 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में ने दीप जलाकर दीपावली मनाई थी। जैन धर्म को मानने वालों के मुताबिक कल्पसूत्र के अंदर बताया गया है कि महावीर के निर्वाण के साथ जो अंतरज्योति सदा के लिए बुझ गई है।

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर की स्थापना भी वर्ष 1577 में दीवाली के मौके पर की गयी थी। तीसरे गुरु अमरदास जी ने दिवाली को लाल–पत्र दिन के पारंपरिक रुप में बदल दिया जिस पर सभी सिख अपने गुरुजनों का आशार्वाद पाने के लिये एक साथ मिलते है। सिख धर्म में इस दिन को बंदी छोड़ दिवस के रुप में जाना जाता है महर्षि दयानंद ने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी। महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने कार्तिक मास की अमावस्या के दिन अजमेर में निर्वाण प्राप्त किया। उसी दिन से इस दिन को दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है। मारवाड़ी कार्तिक की कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन पर दिवाली पर अपने नए साल का उत्सव मनाते हैं एवं नये बही खाते प्रारम्भ करते हैं। गुजराती भी कार्तिक के महीने में शुक्ल पक्ष के पहले दिन दीवाली के एक दिन बाद अपने नए साल का उत्सव मनाते है। दिवाली शुरुआत में फसलों की कटाई के उत्सव के रुप में मनाई जाती थी। यह वह समय है जब भारत में किसान फसल काटकर संपत्ति और समृद्धि की देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और उन्हें नई फसल में से उनका हिस्सा समर्पित करते हैं। दीपावली के दौरान आतिशबाजी करने और पटाखें जलाने के पीछे वैज्ञानिक आधार है। इसका मुख्य उद्देश्य मोसम परिवर्तन से उत्पन्न कीट कीड़े विशेष तया मच्छर से होने वाली जान लेवा खतरों का मुकाबला करना है, जो गीले से सर्दियों के मौसम में इन खतरनाक कीटों परजीवियों के लिए प्रजनन स्थल के रूप में कामकरता है।

दीयों को जलाने और उनसे रोशनी करने के पीछे विज्ञान है। जब हम घी या तेल का दिया जलाते हैं तो तेल या घी में मौजूद फैटी एसिड जलते हैं। इस प्रक्रिया में फैटी एसिड का एक अणु जलने से 56 कार्बन के अणु निकलते हैं और 52 पानी के अणु निकलते हैं।

– डा. जे के गर्ग,
पूर्व संयुक्त निदेशक
कालेज शिक्षा जयपुर

# पी.डब्ल्यु.डी. द्वारा बनाई जा रही सड़क का ग्रामीणों ने विरोध किया

**खेतड़ी,** (निसं)। उपखंड के नंगली सलेदी सिंह पंचायत में पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से बनाई जा रही सड़क को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने विरोध किया है। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर खेती की भूमि में जबरन जेसीबी में चलाने पर कार्रवाई की मांग की है।

> ■ **खेती की भूमि में जेसीबी चलाने पर एसडीएम को ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों की ओर से एसडीएम जय सिंह चौधरी को दिए ज्ञापन में बताया कि नंगली सलेदी सिंह पंचायत की कोठी की ढाणी में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जिसको लेकर विभाग ने सड़क निर्माण से पहले सड़क के अधीन आने वाली जमीन के किसानों को कोई सूचना नहीं दी और जबरन जेसीबी चलाकर हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य नियमानुसार नहीं होने से लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। सड़क निर्माण करने के नाम पर किसानों से 20 से 25 फीट जमीन खाली करवाई जा रही है, जबकि नियमानुसार वह मुख्य रास्ता ही नहीं है।

पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए आसपास के ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। सड़क के निर्माण को लेकर विभाग की ओर से सड़क के अधीन आने वाली जमीन का कोई सीमाज्ञान भी नहीं करवाया गया। जब किसानों ने संबंधित ठेकेदार से जबरन चलाई जा रही जेसीबी मशीन को लेकर बात की तो ठेकेदार ने ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देखकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द ही मामले में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीणों की ओर से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम जय सिंह चौधरी ने कहा कि इस पीडब्ल्यूडी विभाग से करवाए जा रहे सड़क निर्माण को लेकर जानकारी जुटाई जाएगी। इसके बाद नियमानुसार सड़क बनवाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर श्रीकिशन, सुरेश कुमार, मांगेलाल, नमन कुमार, कमल कुमार, मुकेश कुमार, राज, सुंदर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।



खेती की भूमि पर कार्यवाही करती जे.सी.बी.।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**गंगापुर सिटी।** गुरूवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गंगापुर सिटी द्वारा ओम शिवम् स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली एब महंदी प्रतियोगता का आयोजन किया गया।

एबीवीपी के सवाई माधोपुर विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि कला से बडा कोई हुनर नहीं होता है। जब भी कोई बात कला के माध्यम से कही जाती है तो वह लोगों के जहन पर लंबे समय तक असर करती हैं। रंगोली एवम मेहंदी के माध्यम से वोट करने का संदेश लोगों के जहन में उतर गया है और अब उनकी जिम्मेदारी और बढ गई है कि वह स्वयं भी मतदान करें और अन्य लोगों को भी वोट करने के लिए जागरूक करें।

> ■ **अ.भा.वि.प. व स्कूल के विद्यार्थियों ने लोगों से शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देते हुए चाइना समान ना खरीदने और स्वदेशी समान अपनाने पर भी जोर दिया**

कैंट मतदाता जागरुकता अभियान 25 नवंबर को सभी 100०प्रतिशत मतदान करें और देश हित के लिए अपना वोट दे। विद्यालय के संस्थापक महेंद्र नापित ने बताया कि दीपावली पर सभी विद्यार्थी धूमधाम से मनाया और चाइना समान ना खरीदने और स्वदेशी समान अपनाने पर जोर दिया। मेहंदी प्रतियोगिता में पूजा नापित अध्यापिका और विद्यालय की छात्राएं सुमन, लक्ष्मी, सुमित्रा, शिवानी, मुस्कान, पूजा, गायत्री, पलक, मंजू नापित, पूजा, सुलमा, प्रियंका, आरती, अंजलि, रिमिशिम, मानसी, राखी आदि मोजूद थे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शुक्रवार 10 नवम्बर, 2023**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र रात्रि 12:08 तक, विष्कुम्भ योग सांय 5:05 तक, तैतिल करण दिन 12:36 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–तुला, बुध–वृश्चिक, गुरू–मेष, शुक्र–कन्या, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज प्रदोष व्रत, धत तेरस (स्वयं सिद्ध अबूझ मुर्हूत) है। आज धन त्रयोदशी निमित्त सांय यमदीप दान और धनवन्तरी जयन्ती है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:08 तक, लाभ–अमृत 8:08 से 10:50 तक, शुभ 12:11 से 1:32 तक, चर 4:14 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:46, सूर्यास्त 5:35

**मेष**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**मिथुन**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा।

**कन्या**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। घर–परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों का विस्तार होगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल ऊंचा रहेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। शुभ–मांगलिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। मित्रों/रिश्तेदारों से बढ़ सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**मीन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आपसी सहयोग–समन्वय से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com




ROYALS AND ORDINARY DIWALI IS BRIGHT

The curse is that if a woman even peeps in out of curiosity she would become barren for life

Diwali Rangoli

While some rangoli patterns are quite complex, there are also simple designs that are perfect for beginners.






# गहलोत के विश्वस्त रामेश्वर दाधीच भाजपा में शामिल

## भाजपा ने गहलोत को जोधपुर में व्यस्त रखने की तैयारी की

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-


नई दिल्ली, 9 नवम्बर। भाजपा ने अशोक गहलोत को जोधपुर में बांध दिया है क्योंकि उनके खास सहयोगी भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

ऐसा समझा जाता है कि लंबे समय से अशोक गहलोत के सहयोगी रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामेश्वर दाधीच कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए है। ऐसा माना जाता है कि दाधीच जोधपुर में कांग्रेस के काफी नुकसान पहुंचाएंगे।

यह विशेषकर गहलोत के लिए नुकसानदायक होगा जो वैसे ही मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि उनके लिए अपने आसपास की कई सीटों में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाए बिना जीतना संभव नहीं रहा है। वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के आसपास की सीटों पर ऐसे जातीय समीकरणों के आधार पर टिकट देते हैं जिससे उनकी जीत पक्की हो जाए। उन्हें यह परवाह नहीं कि उनके

- दाधीच का जाना गहलोत के लिए विशेष रूप से नुकसानदेह है। गहलोत अपनी सीट के आसपास की सीटों में इस प्रकार टिकट देते हैं ताकि उनकी जीत पक्की हो जाए, चाहे सब हार जाएं।
- जोधपुर के महापौर रहे रामेश्वर दाधीच सूरसागर से चुनावी मैदान में हैं।
- गहलोत के एक अन्य विश्वस्त, सुनील परिहार ने सिवाना में कांग्रेस प्रत्याशी मानवेन्द्र सिंह की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।
- कोटा से शांति धारीवाल को टिकट देना पूरे राज्य में कांग्रेस की छवि और प्रतिष्ठा को भारी नुकसान पहुंचा रहा है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )






# महुआ के निष्कासन की सिफारिश

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने गुरूवार को पैसे लेकर प्रश्न पूछने के मामले में तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोईत्रा को सदन से निष्कासित करने की गुरूवार को सिफारिश की।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह की पत्नी और कांग्रेस से निष्कासित परणीत कौर ने कमेटी की ड्राफ्ट रिपोर्ट के पक्ष में वोट किया, जबकि विपक्ष के चार सांसद इससे सहमत नहीं थे।

लोकसभा सचिवालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने बताया कि यह शायद पहला मौका है, जब लोकसभा

- पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में संसद की एथिक्स कमेटी ने लोकसभा से महुआ मोईत्रा के निष्कासन की सिफारिश की है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# भरतपुर की सातों सीटों पर कांग्रेस की हालत खस्ता

## सभी सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय है और जातीय समीकरण भी कांग्रेस के पक्ष में नहीं है

भरतपुर, 9 नवंबर। ग्रामीण बाहुल्य भरतपुर जिले की सभी सात विधानसभा सीटें त्रिकोणीय व चतुष्कोणीय मुकाबले में फंसी हुई हैं। बुधवार को नाम वापसी की तारीख समाप्त होते ही प्रदेश की सत्ताधारी कांग्रेस बनाम भाजपा की सीधी लड़ाई में जातियों के ध्रुवीकरण ने दोनों खेमों में कइयों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। विशेषकर कांग्रेस की हालत खस्ता है, क्योंकि इस क्षेत्र के गुर्जर जो पिछले चुनाव में जोश खरोश के साथ कांग्रेस के पक्ष में थे, पर इस बार उनके मन में कांग्रेस के प्रति नाराजगी है।

उत्तर प्रदेश के आगरा और मथुरा से सटे होने के कारण यूपी की सियासत की रोमांचक जातीय जंग को यहां की कई सीटों पर साफ तौर पर देखा जा सकता है। हरियाणा के मेवात क्षेत्र की सियासत का रंग भी कम रोचक नहीं। भरतपुर (मेन) राजस्थान की अकेली सीट है, जिसे कांग्रेस ने गठबंधन सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के लिए खाली छोड़ा है।

यहां से आर.एल.डी. उम्मीदवार

- क्षेत्र के गुर्जर मतदाता, जो गत चुनाव में पूरे जोश खरोश के साथ कांग्रेस के पक्ष में थे, आज उनमें कांग्रेस के प्रति भारी नाराज़गी है।
- भाजपा ने भरतपुर सीट पर अपने बागी को मना लिया है, इससे कांग्रेस के समर्थन से चुनाव लड़ रहे राज्य मंत्री व आर.एल.डी. प्रत्याशी सुभाष गर्ग की मुश्किलें बढ़ गई हैं।
- नदबई, कामां, नगर और बयाना सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का भारी विरोध है, जातीय समीकरण भी उनके पक्ष में नहीं है।

( शेष पृष्ठ 5 पर )







## International Accounting Day

While accounting may seem like a boring profession, it's vital to every business out there. Without accountants, people won't get paid promptly nor be able to understand their debits and credits. Even with an accountant, these can still be hard to understand. Accounting is work that isn't something many people enjoy. Accountants enjoy the prospects of so much that they form their whole career around managing numbers and company finances. That's why, for those mathematicians out there in the industry, there is International Accounting Day to celebrate!

#ART

# Diwali Rangoli

While some rangoli patterns are quite complex, there are also simple designs that are perfect for beginners.



Diwali Rangoli art is a cherished tradition in Indian culture, celebrated with vibrant patterns during various festivities. These designs are crafted using coloured powders, rice, or flower petals. While some rangoli patterns are quite complex, there are also simple designs that are perfect for beginners. This article will introduce you to various easy rangoli design for diwali designs inspired by flowers, traditional symbols, and natural beauty.

### Simple Geometric Rangoli

This easy geometric rangoli is perfect for those who enjoy drawing shapes in their school notebooks. It involves drawing repetitive geometric shapes and filling them with striking colours to make the design stand out.



### Ganesh Rangoli

In many Indian celebrations, drawing a Ganesh rangoli is customary to seek blessings. Your design can feature a central Ganesh figure or a simple freehand depiction.

### Dot Rangoli (Kolam)

Dot Rangoli Also called Kolam or PulliKolam, consists of patterns made by connecting dots. These designs are believed to bring positivity and can be drawn regularly.



### Peacock Rangoli

Peacock designs are common in rangoli, typically featuring colours like blue, green, yellow, and white.



### Freehand Rangoli

Freehand Rangoli For a more creative approach, freehand rangoli allows for spontaneous patterns: Begin with a basic color outline.



### Spiraling Rangoli

Spiraling Rangoli (Sanskar Bharti) Known for its complex spirals, Sanskar Bharti rangoli is popular across India. It features circular or semicircular designs filled with spiraling lines.








# OWLS TANTRICS LIGHTS PATAKHAS

# ROYALS AND ORDINARY DIWALI IS BRIGHT



An old resident of Dholpur, he claimed that owls were sacrificed at Diwali even during the decadent years of the Mughals. He mentioned Mohammad Shah Rangila and before him Muizuddin Jahandar Shah and his successor Mohd Farrukseyer. Lal Kanwar, the concubine who was elevated to the exalted title of Begum Imtiaz Mahal by Jahandar Shah, was the one whose menstrual cloth was used, he said, for one such ritual.






Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*


With Diwali only a few days away, the Uttarakhand forest department finds itself grappling with an annual crisis — the smuggling of owls. Believed to be the steed of Lakshmi, the goddess of wealth, these birds are killed in the thousands in superstitious rituals held to gain siddhi by people who believe the "sacrifice" will help them fulfill their wishes.

One owl is sold for at least Rs 20,000 with a bird weighing more than 4kg fetching anything between Rs 5 lakh and Rs 7 lakh on the day of the festival. Special teams have been deployed in the forests of Nainital and Udham Singh Nagar district to deter poachers.

"Tantriks perform these rituals for people who believe in the 'powers' of tantra pooja," a local priest said. The 'sacrifice' takes place at isolated locations, including cremation sites and riverbanks, and involves hacking the bird into pieces before its body parts are smeared with sindoor (vermilion).

Poachers later extract the claws, bones and feathers, dry them in the sun and sell them to people who believe in their "medicinal value". Some of these birds have false 'ear tufts' which are also believed to bestow great 'magical' powers on the individual who performs the sacrifice.

As per the popular and age-old beliefs and customs, it is said the Goddess Lakshmi comes to earth on the night of Diwali to bless her devotees with happiness and prosperity. With this popular belief still celebrated actively, people worship the Goddess to get her mercy.

It is commonly believed that her devotees get some indications beforehand, of the arrival of the Lakshmi. Let's look at some of the auspicious signs that mark the arrival of the Goddess:

### Seeing the auspicious

As per the Hindu Shastra, if you happen to see certain animals in the night, it is a sign of the goddess benevolence on you. If you see Owl, the vehicle of goddess Lakshmi, in the night, then it means the Goddess is pleased with you and has decided to shower her blessings on you.

> On the auspicious night of Diwali, if you see a lizard on your wall, it marks the arrival of Goddess Lakshmi. An event like this is considered a good omen and a welcome symbol of the Goddess. If a cat comes to your house on the night of Diwali, then it is an indication of money growth and prosperity.

On the auspicious night of Diwali, if you see a lizard on your wall, it marks the arrival of Goddess Lakshmi. An event like this is considered a good omen and a welcome symbol of the Goddess.

If a cat comes to your house on the night of Diwali, then it is an indication of money growth and prosperity. The presence of the cat in your premises harbors positive energies.

Transgenders are believed to be the messengers of God, and getting blessed by them on the auspicious occasion of Diwali can bring happiness, prosperity, and growth. If they happen to visit your house on Diwali, them welcome them happily and express your gratitude to them. Their blessings can bring in fortune for you.

Seeing a mole rat on the night of Diwali is considered a fortune symbol. It is a general belief that all the financial problems come to an end and marks the beginning of good times and financial growth.

### Why sacrifice the owl?

According to Hindu mythology, the owl, specifically a barn owl, is the vehicle or "vahana" of Goddess Lakshmi. It is said that Lakshmi is always seen with her owl, which symbolizes wisdom in using the wealth and prosperity that she bestows. Others also believe that the owl symbolizes Alakshmi, Lakshmi's sister who stands for poverty and strife.

On the occasion of Diwali, guided by Tantriks (occultists), some indulge in ritualistic sacrifices of the owl in hopes that this will bring them good luck and wealth. Some hope they will take away Lakshmi's vehicle by killing the owl, forcing her to stay in their homes all year round and bestowing on them the most splendid fortunes.

Every year during Diwali, the Wildlife SOS Rapid Response team run in collaboration with the Gujarat Society for Prevention of Cruelty to Animals (GSPCA) assists the Forest Department in curbing ritualistic sacrifices of owls in Vadodara. Last year, in a scintillating rescue operation, the Wildlife SOS- GSPCA Rapid Response team rescued eight Indian Eagle Owls from smugglers suspected to be part of Gujarat's illegal wildlife trading community. The rescue resulted from months of surveillance on behalf of Wildlife SOS' undercover informants, who spent countless hours gathering information about suspects and their movements.

#TANTRA-MANTRA



After getting information about a religious ritual wherein a large number of owls were to be sacrificed to a local deity, the team sprung to action by posing as buyers interested in obtaining the bird for another religious ritual. Accompanied by undercover officials, they were able to capture the suspects and as a result, nineteen perpetrators were apprehended by the Forest department and Police officials.

> Wealth and acquiring it has been will be a preferred strife for mortals and then who to propitiate other than Lakshmi? But there have been other sensitivities to the matter, when John Keats wrote about the Nightingale: "Thou wast not born for death, immortal Bird/No hungry generations tread thee down"

Wealth and acquiring it has been will be a preferred strife for mortals and then who to propitiate other than Lakshmi? But there have been other sensitivities to the matter, when John Keats wrote about the Nightingale: "Thou wast not born for death, immortal Bird/No hungry generations tread thee down", he didn't mention the owl which too is spared by meat eaters because it is considered a bird of omens, both good and bad, who's hooting at night spells misfortune. After Mahmud of Ghazni's ruthless invasions, his wise minister thought of instilling some sense into him. He took him out for a ride in the wilderness one night and pointed to two owls sitting on a withered tree under a waning moon. "What are they doing?" asked the Sultan. The minister said one of them wants to marry off his female offspring to the male birdie of the other, who desires to know how many deserted villages the mother owl would give in dowry".

The Sultan asked, "What's the reply". The minister said that as he knew the language of birds, he understood that the mother of the "bride-to-be" responded that there was no dearth of deserted villages so long as Sultan Mahmud was alive. The revelation had its effect and Mahmud decided to sheath his sword after that. Those fond of bird flesh can never think of making the owl (considered to be both wise and idiotic) part of the menu.

But come Diwali and, believe it or not, the slaughter of owls begins for Kali Puja. The trade is most widespread in Rajasthan and UP where owls are caught by Kalandars residing mostly in rural Jaipur, Bharatpur, Alwar and Fatehpur Sikri areas. The village of Korai-Karavili is notorious for clandestine trade in owls. Nearer Mathura Kosi Kalan is just as infamous for it. The tribals, mostly Bahelias, catch owlets and breed them for the festival of lights. A fully grown bird is by then ready for sale. Each of its body parts is a money-earner. The beak, the claws, the skull, the eyes and even the meat are all used in tantric puja on Amavasya night, preceding the new moon.

The one performing the puja is guided by a tantric well versed in black magic. He has to avoid sexual intercourse, shave all unwanted hair, bathe at 12 midnight, wrap a white dhoti around his waist, keeping the top portion of the body bare. After that he has to sit with closed eyes while the tantric recites the mantras during which the sanitary pad of a girl who has just attained puberty is burnt around the captive owl, who has been intoxicated with strong drink. The stool of a newborn infant is smeared on the bird, and he is then covered by the petticoat of a bride worn on the wedding night. After that more rituals are performed taking care that no woman or child is around.

The curse is that if a woman even peeps in out of curiosity she would become barren for life and if a child does so he or she would die an early death. According to Ibrahim Bhai, who was born in Ibrahim Patti and has died some years ago, there was a lot of mumbo-jumbo associated with the sacrifice of the owl (vahan of Lakshmi) and people greedy for instant wealth, used him for doing anything ordered by the tantric.

An old resident of Dholpur, he claimed that owls were sacrificed at Diwali even during the decadent years of the Mughals. He mentioned Mohammad Shah Rangila and before him Muizuddin Jahandar Shah and his successor Mohd Farrukseyer. Lal Kanwar, the concubine who was elevated to the exalted title of Begum Imtiaz Mahal by Jahandar Shah, was the one whose menstrual cloth was used, he said, for one such ritual. Ibrahim Bhai was no historian and semi-literate as he was, probably had heard these fanciful tales from his elders and their ancestors made weirder by years of repetition.

If history is to be relied upon, Mohd Shah was crowned at Fathepur Sikri alright but spent Diwali in the Red Fort. After his defeat by Farrukseyer near Agra, Jahandar Shah and Lal Kanwar escaped to Delhi where the ousted ruler met his end at the hands of the victorious nephew whose only association with Agra was the Delhi Gate he built there, 26 miles from Fatehpur Sikri. A man called Kanje, because of his blue eyes inherited after an American soldier's affair with his mother, a kanjar woman, during World War II, used to breed owlets for the year long in Raniganj and sell them at Diwali. He was warned that he would meet a bad end. Kanje, his wife and four children all died of TB within a short time.

Was it the curse of the slaughtered owls? Owls are predators and help to clean up the environment. To invest than with magical powers is a superstition which made even Shakespeare mention that among the weird stuff brewed by the Three Witches in "Macbeth" were parts of an owl, lizard and toad too. The poor bird has undergone wanton massacre in our times. As for the wealth the ritual is supposed to bring, the less said the better or Kanjars and Minas would be teeming with crorepaties! Despite superstitions, Diwali comes with great expectations as the joy it kindles pervades all communities, especially Hindus for whom it is the greatest festival of the year seconded by Holi. But over the year a certain change has come about in the celebration of the Feast of Lights. It's noisier, with many crackers breaking the harmony of the evening. However, it was not so thirty years ago when one used to live in the Walled City of Jaipur, where women led their children through the galis by candlelight.

Before that, Diwali was much calmer. One is reminded of the time when diyas were bought by the basketful and outshone electric lights. One of the attractions those days was Diwali celebrations at the mills – DCM, Swatantra Bharat, and earlier the John's Mills.

Nearly the entire city made a beeline for the mills to see the grand celebration of Diwali at which the Atish-Baaz set off fireworks, fairy lamps burnt, coloured fountains played and soft music floated to the ears as the pretty women of the royal family of Jaipur walked about in long trailing dresses to the hushed comments of awe and administration. But after Partition, the royal fell on bad days and Diwali celebrations became less colourful in their palaces. However, the city's seth continued to enliven the festival but the old charm was missing, and today few remember those glorious days and the old philanthropists.

So ended the Diwali of a bygone era. However, the celebrations in Delhi's Chandni Chowk until the 1970s followed the pattern of those times. The Chowk was the hub and centre, and all around it were the spokes of the wheel, as it were. At Fatehpuri, Mori Gate, Kashmere Gate, Darya Ganj, Jama Masjid, Nai Sarak and Chawri Bazar, the shops wore a festive look days before Diwali – as they do now too. Sweetmeat-sellers, toy-sellers, grocers, general merchants, jewelers, and bullion dealers all seemed to be part of a similar medieval set-up. The same was the case in Jaipur.

Some of the sights are still there and the spectacle is grander, for now people are better off and celebrate accordingly. The widespread use of electric lights makes it a brighter Diwali year after year. But at the same time the sound of crackers grows louder and louder, though last time, mercifully High Court restrictions helped check the noise to an extent, which otherwise could be heard till the wee hours of the night.

But the nostalgia for the Diwali of lore lingers for the older folk and one sometimes dreams of the sublime ambience that attracted the Mughals too – Akbar, Jahangir, Shah Jahan, Dara Shikoh, Jahander Shah Rangila, Shah Alam, Akbar Shah Sani and Bahadur Shah Zafar – who had a chiragh-khana and a darogah in charge of it.


For them like Jaipur's royalty it was a sibilant festival of lights, louder than Dusserha and brighter than the ancient Egyptian, Roman and Chinese festival of lamps, though their wives and daughters did not climb the ramparts of the Nahargarh and Amber forts to see the illuminations.

Earlier the Jashan-e-Chiraghan of the mughals held sway in the mahals and courtyards where the giant light wick diyas, 40-feet Akash diyas, ticks weighing 25 kgs, each with candles and marshals vied with the jharfanoos to lend a perpetual glow to the gay and golden night which came once in a year.

It was during Diwali celebrations that Shah Jahan's daughter Jahanara got badly burnt and was saved by a European doctor. You can imagine the festivities that followed! They were even grander than the ones held after Maharaja Man Singh II's miraculous escape in an air-crash, with Maharani Gayatri Devi (while watching the mishap from atop her palace) swooning away at the dire scene unfading itself before her eyes.


rajeshsharma1049@gmail.com


## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman





अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है।

-मेग लैनिंग

ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▸ परनीत कौर



युवा परनीत कौर ने गुरुवार को थाईलैंड के बैंकॉक में एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारत ने तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य के साथ अपना अभियान समाप्त किया। परनीत कौर ने आज यहां शूट-ऑफ में ज्योति सुरेखा वेन्नम को 9-8 से हराया। दोनों तीरंदाज पांच सेटों के अंत में 145 की बराबरी पर थे। इससे पहले सेमीफाइनल में परनीत कौर ने कजाकिस्तान की लियान विक्टोरिया को 147-145 से हराया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# महीश तीक्षणा ने रचा इतिहास, वर्ल्ड कप में नौवें नंबर पर 91 गेंद खेलकर बनाया विश्व रिकॉर्ड



नई दिल्ली, 9 नवम्बर। महीश तीक्षणा और दिलशान मदुशंका की जोड़ी ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को काफी परेशान किया। इस जोड़ी ने श्रीलंका के लिए वनडे विश्व कप मैच में 10वें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। महीश तीक्षणा ने बेहतरीन पारी खेलते हुए एक वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम जोड़ लिया है। वह विश्व कप के 48 साल के इतिहास में नौवें नंबर उतरकर सर्वाधिक गेंद खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में महीश तीक्षणा और दिलशान मदुशंका ने रुमेश रत्नायके और विनोथेन जॉन के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, इस जोड़ी ने इंग्लैंड के खिलाफ 1983 में लीड्स में 33 रन बनाए थे। तीक्षणा और मदुशंका के बीच 87 गेंद में 43 रन की साझेदारी की बदौलत श्रीलंका ने 171 का स्कोर बनाया। दुष्मंथा चमीरा के साथ भी तीक्षणा ने नौवें विकेट के लिए 15 रन जोड़े थे।

128 के स्कोर पर नौ विकेट गिरने के बाद महीश थीक्षणा नाबाद 38 रन और दिलशान मदुशंका 19 रन ने दसवें विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी कर टीम का स्कोर 171 तक पहुंचा। मदुशंका को रविंद्र ने लेथम के हाथों कैच आउट कराकर 47 ओवर में श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने तीन विकेट लिये। लॉकी फ़र्ग्युसन, मिशेल सैंटनर और रचिन रवद्रिं को दो-दो विकेट मिले। जबकि टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

न्यूजीलैंड के लिए यह मुकाबला काफी अहम है क्योंकि उसके आठ अंक हैं और उसे भारत, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के साथ सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका के खिलाफ अंतिम लीग मैच जीत हासिल करने की जरूरत है।

# सेमीफाइनल और फाइनल की टिकटों का आखिरी लॉट जारी



बेंगलुरु, 9 नवम्बर। वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए आज रात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीबी) टिकटों का आखिरी लॉट जारी करेगा। वर्ल्ड कप का आखिरी लीग मैच भारत और नीदरलैंड के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 12 नवंबर को खेला जाएगा। उसके बाद नॉक आउट शुरू हो जाएगा। पहला सेमीफाइनल 15 नवंबर को मुंबई में और दूसरा सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता खेला जाएगा। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारत अभी पॉइंट टेबल में पहले स्थान पर काबिज है। सेमीफाइनल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम को चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ना है। चौथे स्थान के लिए पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच होड़ है। मुंबई में पहला सेमीफाइनल होना है। अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं पहुंचती है तो भारत 15 नवंबर को मुंबई में चौथे स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। वहीं पाकिस्तान चौथे स्थान पर रहती है तो भारत और पाकिस्तान के बीच सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता में खेला जाएगा। जबकि ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका 15 नवंबर को मुंबई में भिड़ेगी। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का सेमीफाइनल में भिड़ना तय है। साउथ अफ्रीका अभी पॉइंट टेबल में दूसरे और तीसरे स्थान पर है। दूसरा सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच होना तय है। हालांकि, इन दोनों टीमों को एक- एक मैच अभी और खेलने हैं। इन दोनों टीमों के मैच रिजल्ट का उनके सेमीफाइनल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इन दोनों के जीतने और हारने से केवल इन दोनों के स्थानों में फर्क आएगा, पर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के सामने साउथ अफ्रीकी टीम ही होगी।

टीम इंडिया को रविवार को नीदरलैंड के खिलाफ बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आखिरी लीग मैच में भिड़ना है। बुधवार को भारतीय खिलाड़ियों ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन में भाग लिया। इस प्रैक्टिस सेशन के दौरान पहले भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी का अभ्यास किया। इसके बाद नेट्स में टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी बल्लेबाजी का अभ्यास करते हुए नजर आए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और शार्दूल ठाकुर ने कुछ देर तक स्पिन गेंदबाजी की, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बल्ले से लंबा सत्र खेला, जबकि श्रेयस अय्यर ने शार्दूल को गेंदबाजी की। जडेजा के अलावा नेट्स पर भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी बल्लेबाजी करते हुए आए। वो स्पिन गेंदबाजों और तेज गेंदबाजों के आगे खेलते नजर आए। वहीं ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन होने की वजह से विराट कोहली, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव, आर अश्विन और सूर्यकुमार यादव ने ब्रेक लेने का फैसला किया।

## पुरुष प्रीमियर लीग में खेलेंगे दिल्ली के 11 टॉप क्लब

नयी दिल्ली, 9 नवंबर। दिल्ली फुटबॉल एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने गुरुवार को दूसरी पुरुष प्रीमियर लीग के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि 16 नवंबर से आयोजित होने वाली लीग में राजधानी के 11 जाने माने क्लब डबल लेग में खेलेंगे। डीएसए के अध्यक्ष ने आज यहां कहा कि दिल्ली की फुटबाल का हाल का प्रदर्शन चौंकाने वाला रहा है। संतोष ट्रॉफी और अन्य आयुवर्ग के राष्ट्रीय आयोजनों में दिल्ली ने बड़ी कामयाबी पाई है। नतीजन कई खिलाड़ी आई लीग में खेल रहे है। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दूसरे आयोजन में गत विजेता वाटिका एफसी और उपविजेता गढ़वाल एफसी फिर से दावेदारों में शामिल हैं। उद्घाटन मैच वाटिका और सीआईएसएफ प्रोटेक्टर के बीच 11 बजे खेला जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया महिला कप्तान मेग लैनिंग ने लिया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

सिडनी, 9 नवंबर। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी और पांच आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब की विजेता लैनिंग ने अपने देश के लिए सभी प्रारूपों में आठ हजार से अधिक रन बनाकर 31 साल की उम्र में संन्यास ले लिया है।

लैनिंग ने कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। उन्होंने कहा, मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं, लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है।

लैनिंग ने कहा, टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पाई हूं उस पर मुझे गर्व है और इस दौरान टीम के साथियों के साथ साझा किए गए पलों को मैं संजो कर रखूंगी। उन्होंने कहा, 'मैं अपने परिवार, अपनी टीम के साथियों, क्रिकेट विक्टोरिया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने मुझे उच्चतम स्तर पर मेरे पसंदीदा खेल को खेलने की अनुमति दी।

उन्होंने कहा, मैं उन सभी प्रशंसकों को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मेरे पूरे अंतरराष्ट्रीय करियर में मेरा समर्थन किया है। लैनिंग का पहला आईसीसी खिताब 2012 में श्रीलंका में टी20 विश्व कप में आया था और इसके बाद उन्होंने अगले वर्ष भारत में एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जीता। दाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने 2014 की शुरुआत में जोडी फील्ड्स से कप्तानी की बागडोर संभाली और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा क्योंकि उन्होंने 182 मौकों पर आत्मविश्वास के साथ अपने देश का नेतृत्व किया और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए स्वर्णिम दौर में पांच आईसीसी खिताब जीते।

लैनिंग को 2014 में आईसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर नामित किया गया था और अगले वर्ष आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था। उनके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने और भी खिताब जीते और इस खिलाड़ी ने अपने देश को बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक भी दिलाया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 17 शतक बनाये है।

उन्होंने 2017 में ब्रिस्टल में श्रीलंका के खिलाफ करियर की सर्वश्रेष्ठ 152 रन की पारी खेली। 15 शतकों की यह संख्या महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक है, जिसमें न्यूजीलैंड की अनुभवी सुजी बेट्स 12 शतकों के साथ उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी हैं। उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच में इस वर्ष की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में अपने देश को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया था।

## साईकिलिंग में कर्नाटक ने स्वर्ण, तमिलनाडु ने रजत और महाराष्ट्र ने कांस्य पदक जीता

नयी दिल्ली, 9 नवंबर। 37वें राष्ट्रीय खेलों की साइकिलिंग स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में कर्नाटक के नवीन जॉन ने स्वर्ण, तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत ने रजत और महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी ने कांस्य पदक जीता है।

वर्ना-बिड़ला बाईपास एयरपोर्ट रोड, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में कल खेले गये मुकाबले में 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कर्नाटक के नवीन जॉन ने साइकिल दौड़ में 55:19.32 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं तमिलनाडु के श्रीनाथ लक्ष्मीकांत को 56:32.04 के समय के साथ रजत पदक मिला। महाराष्ट्र ने चिन्मय केवलरमानी को 57:30.11 के समय के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# देशी-विदेशी क्रिकेटर लीजेंड्स ट्रॉफी के साथ पहुंचे आगरा

आगरा, 9 नवंबर। क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वंदे भारत ट्रेन से देश भ्रमण पर निकले लीजेंड्स क्रिकेटर लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के साथ आज ताजनगरी पहुंचे। रेलवे द्वारा क्रिकेटरों का स्वागत किया गया। इंग्लैंड के मोंटी पनेसर आगरा में ताजमहल देखने के लिए उतर गए। साउथ अफ्रीका के जोंटी रोड्स, सैयद किरमानी और ईश्वर पांडे आगे की यात्रा के लिए रवाना हो गए। लीजेंड्स लीग क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। नौ दिसंबर तक लीग चलेगी। लीग पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापटनम और सूरत में आयोजित की जाएगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने भारतीय रेल के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। इसी अभियान के तहत लीग की ट्रॉफी आठ नवंबर से वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा कर रही है। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में जाएगी। इसी कार्यक्रम के तहत वंदे भारत से जोंटी रोड्स और मोंटी पनेसर यात्रा पर निकले हैं। इस अभियान में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, इरफान पठान, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, एस श्रीसंत, पार्थिव पटेल, शेन वॉटसन, प्रवीण कुमार, झूलन गोस्वामी जैसे खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

# बागी नेताओं ने बढ़ाई कांग्रेस की चिंता

**जोधपुर के सूरसागर में कांग्रेस से बागी पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने भाजपा नेताओं के मनाने पर नामांकन वापस लिया, फिर चार्टर प्लेन में भाजपा नेताओं के साथ जयपुर पहुंचकर बीजेपी का दुपट्टा ओढ़ लिया**

- जयपुर के आदर्श नगर में कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद उमरदराज ने बागी होकर आम आदमी पार्टी से विधायक का नामांकन भरा, कांग्रेस के मनाने के बावजूद चुनाव लड़ने की जिद पर अड़े रहे
- इसी प्रकार जयपुर हैरिटेज में पार्षद नीरज अग्रवाल और जयपुर ग्रेटर में पार्षद राजू अग्रवाल ने भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है।
- टोंक में सचिन पायलट के खिलाफ दो बागी जो थे, उन्हें खुद पायलट ने मनाया और नईमुद्दीन अपोलो व मोहसिन राशिद ने अपना नामांकन वापस लिया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से बागी हुए नेताओं ने पार्टी के वरिष्ठजनों की नींद उडा रखी है। सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों से हैं, जो बड़ा वोट बैंक प्रभावित करते हैं, लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिली।

हालांकि राजस्थान में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के दिन कांग्रेस के कई बागियों ने नामांकन वापस ले लिया है, ऐसे में कई उम्मीदवारों को राहत की सांस आई है। नामांकन वापस लेने का सबसे मजेदार किस्सा जोधपुर में हुआ, यहां सूरसागर क्षेत्र पर प्रभाव रखने वाले कांग्रेस के पूर्व महापौर रामेश्वर दाधीच ने बागी होकर नामांकन दाखिल कर लिया था, लेकिन उन्होंने भाजपा नेताओं के मनाने पर नामांकन वापस लिया और फिर चार्टर प्लेन में बैठकर भाजपा नेताओं के साथ जयपुर आकर भाजपा का दुपट्टा ओढ़ लिया। ऐसे में भाजपा ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के घर में ही दरार पैदा कर दी है।

इसके अलावा राजधानी जयपुर में आदर्श नगर से कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद उमरदराज बागी होकर आम आदमी पार्टी (आप) चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें मनाने का कांग्रेस के नेताओं द्वारा किया गया, लेकिन उमरदराज ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि वह चुनाव लड़ेंगे। इतना ही नहीं जयपुर हैरिटेज के ही एक अन्य पार्षद नीरज अग्रवाल ने भाजपा का दामन थाम लिया है। वह भी आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के ही पार्षद है। ऐसे में वहां पर कांग्रेस को अब दोहरी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

इतना ही नहीं जयपुर ग्रेटर के एक पार्षद राजू अग्रवाल भी अब भाजपा में चले गए हैं और वह लालचंद कटारिया के नजदीकी लोगों में माने जाते थे। इतना ही नहीं लालचंद कटारिया के नजदीकी कई लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। यह सभी झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का झंडा उठाते थे।

वही बाकी बागियों को मानने की बात करें तो टोंक में सचिन पायलट के खिलाफ दो बागी जो थे, उन्हें खुद सचिन पायलट ने मनाया और नईमुद्दीन अपोलो और मोहसिन राशिद ने अपना नामांकन वापस ले लिया। इसी के साथ कांग्रेस के नेता अब्दुल मजीद खोखर भी मंत्री बी.डी. कल्ला के खिलाफ आरएलपी के उम्मीदवार बन गए थे, लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फोन कर उन्हें मनाया और उन्होंने कल के समर्थन में नामांकन वापस ले लिया।

वहीं सूरतगढ़ से बागी हुए बलराम वर्मा ने भी आज अपना नामांकन वापस ले लिया। कांग्रेस को अजमेर में भी राहत मिली, जब अजमेर दक्षिण से दो बार चुनाव हारने के बाद टिकट काटने पर बागी हुए हेमंत भाटी ने भी नामांकन वापस ले लिया। वहीं मसूदा से पूर्व विधायक ब्रह्मदेव कुमावत ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया। मसूदा से गोपाल बस्सी ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया। इसी के साथ बांदीकुई से कांग्रेस नेता विनोद शर्मा ने भी नामांकन वापस ले लिया। जयपुर की हवा महल सीट पर कांग्रेस में बागी हुए गिरीश पारीक ने भी मुख्यमंत्री के कहने पर अपना नामांकन वापस ले लिया। वहीं झालरापाटन से बागी हुए शैलेंद्र यादव ने भी अपने तेवर छोड़कर नामांकन वापस ले लिया। बड़ी सादड़ी से पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी ने भी नामांकन वापस ले लिया, तो फलौदी से कुंभ सिंह का नामांकन वापस होने से कांग्रेस को कुछ राहत मिली है।

## अभी भी कांग्रेस को परेशान करेंगे यह मजबूत बागी नेता

**विधायक व पूर्व मंत्री तक डटे हैं मैदान में**

**जयपुर**। राज्य में एक ओर कांग्रेस के पक्ष में कुछ बागी नेता मान गए और नामांकन वापस ले लिया, लेकिन अब भी कांग्रेस के कई बाकी ऐसे हैं जो मजबूती के साथ चुनाव लड़ने पर अड़े हैं और यह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

इन मजबूत बागी नेताओं की बात करें तो निर्दलीय विधायक रहे आलोक बेनीवाल शाहपुरा से, पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल लूणकरणसर से, राजकरण चौधरी, जो पूर्व पालिका अध्यक्ष है वह सरदार शहर से, पूर्व मंत्री भरोसी जाटव के पुत्र बृजेश जाटव हिंडौन सिटी से, पूर्व विधायक कैलाश मीणा मनोहर थाना से, पूर्व मंत्री हबीबुर रहमान नागौर से और गोविंद शर्मा नगर से, अभी भी चुनाव मैदान में है।

वही मुख्यमंत्री के ही नजदीकी और राजसिको के अध्यक्ष सुनील परिहार सिवान से बागी के रूप में जमे हुए हैं। वहीं राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ से टिकट कटने से नाराज विधायक जौहरी लाल मीणा ने भी अलवर के राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से ताल ठोक रखी है।

# राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता पुर्तगाल जाएंगे



डॉ. मधुकर गुप्ता

**जयपुर** (कासं)। पुर्तगाल के लिस्बन में 13 से 16 नवम्बर 2023 तक 19वीं अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस और चुनावी पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। समारोह में राजस्थान के राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करेंगे। डॉ. गुप्ता समारोह में चुनावी नियमों और प्रक्रियाओं के सरलीकरण के महत्वपूर्ण विषय पर अपना उद्बोधन देंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. गुप्ता द्वारा चुनावी परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सम्बोधन में वह अपने अनुभव भी साझा करेंगे, जिससे चुनावी प्रक्रिया और नियमों पर वैश्विक चर्चा को भी बढ़ावा मिलेगा। समारोह की अध्यक्षता पुर्तगाल संसद के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा करेंगे। इस तीन दिवसीय समारोह में विभिन्न राष्ट्रों के चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।

# रिटायर कर्मचारी की पेंशन रोकना गलत : हाईकोर्ट

- अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि पीड़ित को 3 माह में ब्याज सहित ओ.पी.एस. का लाभ दिया जाए
- हाईकोर्ट ने कहा कि जब याचिकाकर्ता की नियुक्ति वर्ष 1982 में हुई थी और उस समय पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू थी तो उसे एन.पी.एस. अपनाने का विकल्प क्यों मांगा

**जयपुर**। राजस्थान हाईकोर्ट ने रिटायर कर्मचारी के पेंशन परिलाभ रोकने को मनमाना और अवैध माना है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को आदेश दिए हैं कि वह तीन माह में रिटायर कर्मचारी की ओपीएस के तहत बकाया पेंशन और ग्रेच्युटी 9 फीसदी ब्याज सहित अदा करे। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश रमेश कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यह बात समझ से परे है कि जब याचिकाकर्ता की नियुक्ति वर्ष 1982 में हुई थी और उस समय पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू थी तो उसे एनपीएस अपनाने के संबंध में विकल्प क्यों मांगा गया।

अधिवक्ता सुनील समदड़िया ने बताया कि याचिकाकर्ता वर्ष 1982 में अजमेर नगर निगम में चालक पद पर नियुक्त हुआ था। वहीं वर्ष 1985 में उसकी सेवा समाप्त कर दी गई। इसे लेबर कोर्ट में चुनौती देने पर अदालत ने 13 अप्रैल, 1994 को बर्खास्तगी रद्द कर उसे सेवा में बहाल करने को कहा। इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से पेश याचिका को एकलपीठ ने खारिज कर दिया और बाद में खंडपीठ ने भी बिना वेतन बहाली करने को कहा। जिसकी पालना में 8 फरवरी, 2001 को याचिकाकर्ता को वर्ष 1994 से बहाल कर दिया। याचिका में कहा गया कि वर्ष 2006 में उसे नियमित वेतन श्रृंखला दी गई, लेकिन बाद में उसे वापस ले लिया। आखिर में अदालती आदेश के बाद उसकी नियमित वेतन श्रृंखला को वापस बहाल कर दिया। इसी दौरान वर्ष 2016 में वह रिटायर हो गया, लेकिन विभाग ने उसे ग्रेच्युटी व पेंशन का हकदार नहीं माना और राशि नहीं दी। इसलिए उसे यह राशि दिलाई जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकार की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता को एनपीएस का विकल्प अपनाने के लिए दो बार नोटिस दिया गया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। ऐसे में वह पेंशन परिलाभ का हकदार नहीं है। सुनवाई के बाद अदालत ने याचिकाकर्ता को ब्याज सहित पेंशन व ग्रेच्युटी देने को कहा है।

## रिफ की पहली सूची में 25 फिल्में

**जयपुर**। राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का 10वां संस्करण 27 से 31 जनवरी 2024 तक राजधानी जयपुर के एम.आई.रोड पर स्थित "द जेम सिनेमा" में आयोजित किया जाएगा। संस्थापक व फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि 10वें राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 की पहली सूची आज जारी की गई, जहां कुल 25 फिल्मों को आधिकारिक तौर पर रिफ पैनोरमा में चुना गया है, जिसमें 8 फिल्मों को फीचर फिल्म श्रेणी में चुना गया है और नॉन-फीचर फिल्म श्रेणी में 17 फिल्मों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि रिफ अवार्ड नाईट-2024 का आयोजन 31 जनवरी को जेम सिनेमा में ही आयोजित होगा।

# मारपीट-दुर्व्यवहार मामले में ललित मोदी को राहत नहीं

**वर्ष 2006 में आयोजित राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक का प्रकरण**

- अदालत ने कहा कि प्रकरण में निचली अदालत की ओर से दिए आदेश में कोई कानूनी त्रुटि नहीं है, इसलिए उस आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है।

**जयपुर** (कासं)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9, महानगर द्वितीय ने वर्ष 2006 में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में मारपीट और दुर्व्यवहार से जुड़े मामले में एसोसिएशन के तत्कालीन अध्यक्ष ललित मोदी को राहत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी ललित मोदी की रिवीजन अर्जी भी खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि प्रकरण में निचली अदालत की ओर से दिए आदेश में कोई कानूनी त्रुटि नहीं है। इसलिए निचली अदालत के आदेश में हस्तक्षेप नहीं किया जा रहा है।

रिवीजन अर्जी में कहा गया कि प्रकरण के परिवादी अनिल शेखावत ने अपने परिवाद में लगाए आरोपों को साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश नहीं किए हैं। परिवादी की ओर से सिर्फ अखबार की कटिंग पेश की है, जो कि साक्ष्य अधिनियम के तहत मान्य नहीं है। इसका विरोध करते हुए परिवादी शेखावत के वकील एके जैन ने कहा कि आरोपी मोदी ने सीआरपीसी की धारा 258 व 255 के तहत साक्ष्य नहीं होने के कारण प्रकरण से डिस्चार्ज करने का आधार लिया है, जबकि निचली अदालत ने परिवाद पर परिवादी के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ प्रसंज्ञान लिया था। इसलिए रिवीजन अर्जी को खारिज किया जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने रिवीजन अर्जी को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि अनिल शेखावत ने निचली अदालत में परिवाद पेश कर आरसीए के तत्कालीन अध्यक्ष ललित मोदी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने 19 नवंबर, 2006 को आरसीए मीटिंग के दौरान उससे मारपीट व दुर्व्यवहार किया। परिवाद पर बयान दर्ज करने के बाद अदालत ने ललित मोदी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं में प्रसंज्ञान लिया था। इस पर ललित मोदी ने निचली अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर साक्ष्य के अभाव में कार्रवाई समाप्त करने की गुहार की थी। इस प्रार्थना पत्र को निचली अदालत ने 12 अक्टूबर, 2023 को खारिज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ एडीजे कोर्ट में रिवीजन अर्जी पेश की गई। जिसे भी अदालत ने खारिज कर दिया।

## वैदेही वल्लभ देवाचार्य संत समिति के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



**जयपुर**। अखिल भारतीय संत समिति द्वारा आयोजित धर्म संसद में राष्ट्रीय अध्यक्ष सप्तम कुबेराचार्य अविचल देवाचार्य महाराज ने अखाडा परिषद अध्यक्ष के रविन्द्रपुरी विद्वत परिषद की अध्यक्षता में वैदेही वल्लभ देवाचार्य महाराज को अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया।

# मालपुरा विस. में भाजपा-कांग्रेस सहित निर्दलीय के बीच त्रिकोणीय मुकाबला


## हालांकि मालपुरा विधानसभा के चुनावी रण में पांच प्रत्याशी डटे हुए हैं

**मालपुरा, (निसं)।** 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गुरूवार को नाम वापसी के अन्तिम दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह आमली द्वारा आवेदन फार्म वापस लेने के साथ ही अब मालपुरा विधानसभा के चुनावी रण में यूं तो पांच प्रत्याशी डटे हुए हैं लेकिन भाजपा व कांग्रेस सहित निर्दलीय के बीच रोचक व त्रिकोणीय मुकाबला होगा।

मालपुरा विधानसभा से विधायक प्रत्याशी के लिए कुल सात जनों ने अपने आवेदन निर्वाचन अधिकारी के समक्ष पेश किये थे। जिनमें से आप पार्टी का आवेदन निरस्त हो जाने व एक निर्दलीय द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब भाजपा के कन्हैयालाल, कांग्रेस के घासीलाल, बहुजन समाज पार्टी के जितेन्द्र कुमार बैरवा, राईट टू रिकॉल पार्टी के नवीन कुमार जैन व निर्दलीय के रूप में एक मात्र गोपाल गुर्जर चुनावी मैदान में शेष रहे हैं।

नाम वापसी के बाद शेष प्रत्याशियों को रिटर्निंग अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने चुनाव चिन्ह आवंटित किये। विधानसभा क्षेत्र के 275 गांवों में मतदाताओं के बीच पहुंच प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान की अपील कर जनसम्पर्क में ताकत झोंक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां कन्हैयालाल चौधरी पर लगातार तीसरी बार विश्वास जताते हुए चुनावी मैदान में उतारा है। तो कांग्रेस ने उद्योगपति व नये चेहरे घासीलाल चौधरी को चुनाव मैदान में प्रत्याशी बनाया है। सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित व जाट, गुर्जर बाहुल्य मालपुरा विधानसभा से बीते 20 साल से स्थानीय व युवा गोपाल गुर्जर लगातार कांग्रेस से टिकट की मांग कर रहें थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान व पीसीसी पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय व यूथ की मांग को नजर अंदाज कर बाहरी अथवा गठबंधन का प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारने के चलते बीते 30 साल से मालपुरा विधानसभा से कांग्रेस की करारी हार हो रही है।

जबकि मालपुरा विधानसभा सीट कांग्रेस की परम्परागत सीट रही है। पीसीसी के वरिष्ठ पदाधिकारी रामदेव गुर्जर ने कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड कांग्रेस का खाता खोलने का प्रयास किया व जीत के करीब भी पहुंचे लेकिन कांग्रेस ने ही अंदरूनी गुटबाजी के चलते कांग्रेस प्रत्याशी को हार का सामना करना पडा। तीस साल से लगातार युवा व स्थानीय को बनाने की उठ रही मांग इस बार पार्टी स्तर पर करवाये गये चार सर्वे में नॉन जाट व युवाओं की पहली पसंद के रूप में गोपाल गुर्जर का नाम शिखर पर रहा। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने इस बार भी युवा वर्ग व मतदाताओं की मांग सहित सर्वे को नजर अंदाज कर उद्योगपति घासीलाल चौधरी को पार्टी का प्रत्याशी घोषित किये जाने के बाद हुई सर्व समाज की विशाल जनसभा मे मौजूद सर्व समाज के लोगों ने गोपाल गुर्जर को सभा के बीच कंधों पर उठा सर्व समाज का समर्थन देने की घोषणा करते हुए गोपाल गुर्जर को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतार दिया।



मालपुरा में निर्दलीय गोपाल गुर्जर की सक्रियता ने भाजपा-कांग्रेस की नींद उड़ा रखी है।

- निर्दलीय गोपाल गुर्जर को गांव-ढाणी में मिले रहे सर्व समाज के समर्थन से भाजपा व कांग्रेस की उड़ी नींद

नामांकन दाखिल के साथ ही गोपाल गुर्जर द्वारा शुरू किये गये गांव-ढाणी के जनसम्पर्क में 36 कोम निर्दलीय प्रत्याशी का गर्मजोशी से स्वागत कर गुड व फलों से तोलने के साथ-साथ घोडी पर बैठा कर नेता नहीं बेटा आपणो गोपाल जैसे जयघोष लगा रहे हैं। निर्दलीय के बढते ग्राफ से भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशियों की नींद उडी हुई है तो दोनों ही दलों के खेमों में निर्दलीय गोपाल से बाजी जीतने की रणनीति बनाई जा रही है। भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों द्वारा भी लगातार गांव-गांव में जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन ग्रामीणों का रूझान निर्दलीय की ओर ज्यादा नजर आ रहा है।

# गहलोत की चुनावी जनसभा के बाद गुर्जरों में तीखी प्रतिक्रिया

## बामनवास के बाटोदा में सी.एम. गहलोत ने इंदिरा मीणा के समर्थन में की थी चुनाव रैली व जनसभा

**बामनवास, (निसं)।** विधानसभा क्षेत्र बामनवास के बाटोदा ग्राम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा मीणा के समर्थन में की गई चुनाव रैली जनसभा से गुर्जर समुदाय में तीखी प्रतिक्रिया होने के साथ दोगुना रिएक्शन नजर आ रहा है।

मुख्यमंत्री गहलोत द्वारा बामनवास विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में की गई जनसभा से गुर्जर समुदाय के एक बड़ी संख्या ने दूरी बनाते हुए कुछ राजनीतिक संदेश भी दे दिया। मुख्यमंत्री गहलोत की जनसभा को लेकर गुर्जर समुदाय में चर्चा रही की पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव में इंदिरा मीणा को टिकट पायलट खेमे में होने के कारण एवं सचिन पायलट द्वारा पेरवी करने के बाद ही मिला था। लेकिन सरकार संकट के समय जिसने बामनवास विधानसभा क्षेत्र से इंदिरा मीणा को योग्य उम्मीदवार के तौर पर पहचान दी एवं जिसके नाम से विधानसभा क्षेत्र में अच्छे मतों से जीत दर्ज की उसी को सरकार संकट के समय छोड़कर विधायक इंदिरा मीणा गहलोत ग्रुप के पाले में जाकर बैठ गई।

- सरकार संकट के समय गहलोत के बोल आ रहे याद, गुर्जर समुदाय में अंदरूनी आक्रोश बढ़ा

इस मुख्यमंत्री की कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में की गई जनसभा के बाद गुर्जर समुदाय में चर्चा का विषय रहा कि ऐसे दोगले जनप्रतिनिघी को जो की समय के साथ एवं स्वार्थ की राजनीति को अपनाते हुए पाला बदलता रहता है एवं पूरे पांच साल निरंकुश तानाशाही रवैया अपना क्षेत्र के लोगों की जन भावनाओं पर खड़ा नहीं उतरे ऐसे जनप्रतिनिधि को सबक सिखाना जरूरी है। वहीं मुख्यमंत्री द्वारा बामनवास के बाटोदा में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में की गई चुनावी जनसभा के बाद गुर्जर समुदाय में चर्चा का विषय रहा कि खुद मुख्यमंत्री भी सवाई माधोपुर दौरे के दौरान यह कह चुके हैं कि अगर विधायक दानिश अबरार उनका समय पर सूचना नहीं देते तो शायद उनकी सरकार नहीं बचती। गुर्जर समुदाय में चर्चा रही कि वे अब पायलट विरोधी गतिविधियों में संयुक्त रहे जनप्रतिनिधियों को इस चुनाव में करारा जवाब देंगे।

बहरहाल सरकार संकट के समय चली गतिविधियों को लेकर नाराज गुर्जर समुदाय को साधने के पूरे प्रयास में कांग्रेस के नेता लगे हुए हैं लेकिन गुर्जर समुदाय की नाराजगी को देखते हुए उनका सरकार संकट के दौरान पनपा आक्रोष एवं उनकी नाराजगी दूर करना मुश्किल भरा सफर दिखाई दे रहा है। वही जनसभा में भीड़ तंत्र मुख्यमंत्री स्तर की जनसभा को लेकर कम होने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे पर उदासी भी साफ-साफ जनसभा के दौरान देखी गई। इस जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी सरकारी योजना से लाभान्वित करने का दम भरते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की गई।

# निर्दलीय पुष्पा कुलदीप ने वापस लिया नामाकंन

**सुजानगढ़, (निसं)।** विधानसभा चुनाव की नामांकन प्रकिया गुरूवार को पूरी हो गयी। गुरूवार को पुष्पा कुलदीप ने अपना नामाकंन रिटर्निंग अधिकारी से वापस लिया। एक नामाकंन की वापसी के बाद कांग्रेस से मनोज कुमार, भाजपा से संतोष मेघवाल, आरएलपी से बाबूलाल कुलदीप, निर्दलीय धर्मचंद नायक, निर्दलीय प्रताप राणा, राजेन्द्र कुमार नायक निर्दलीय, रामकुमार निर्दलीय, निर्दलीय संतोष मेघवाल चुनावी मैदान में है। रिटर्निंग अधिकारी ने निर्दलीय प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आंवटित किया।

# बीकानेर में रुक-रुककर हुई बूंदाबांदी

**बीकानेर, (निसं)।** जिले में पश्चिमी विक्षोभ के चलते दोपहर बाद से रूक-रूक हो रही बूंदाबांदी ने वातावरण में ठंडक घोल दी है। बीकानेर में गुरुवार को आसमां पूरी तरह से बादलों से आच्छादित रहा। दोपहर बाद रूक-रूककर बूंदाबांदी हो रही है। हालांकि बरसात इतनी अधिक भी नहीं है तो शाम को फिर से हुई बरसात ने जमीं को एकबारगी भिगो दिया है।

बूंदाबांदी की वजह से तापमान में गिरावट आई है तथा वातावरण में ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज एक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ , चुरू और आसपास के जिलों में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश हुई। सुबह भी धुंध, दोपहर और शाम को भी धुंध का पहरा, बीकानेर में अजीब हुआ मौसम,सुबह भी धुंध, दोपहर और शाम को भी धुंध का पहरा, बीकानेर में अजीब हुआ मौसम,सुबह भी धुंध, दोपहर और शाम को भी धुंध का पहरा, बीकानेर में अजीब हुआ मौसम,सुबह भी धुंध, दोपहर और शाम को भी धुंध का पहरा, बीकानेर में अजीब हुआ मौसम,सुबह भी धुंध, दोपहर और शाम को भी धुंध का पहरा, बीकानेर में अजीब हुआ मौसम अंचल में अब मौसम बदलने लगा है। अलसुबह जहां हल्के धुंध का असर दिखने लगा है, तो दोपहर बाद भी धुंधलका बना रहने लगा है।

जबकि मौसम केन्द्र जयपुर ने दो दिन तक क्षेत्र में बादलवाही और बारिश का अनुमान लगाया है। केन्द्र के अनुसार, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू के आसपास कहीं-कहीं मेघ गर्जन एवं हल्की बारिश हुई। राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान औसत से 2-4 डिग्री तथा अधिकतम 1-2 डिग्री ऊपर दर्ज किया जा रहा है।

# वोट के बदले नोट देने का आरोप

**देशनोक, (निसं)।** यहां कस्बे में वोटरों को रिझाने के लिए वोट के बदले नोट देने का मामला सामने आया है। इस शिकायत को लेकर खूब हंगामा हुआ। हालांकि पुलिस ने समझाइश कर दोनों पक्षों को शांत किया। वहीं इस संबंध में एक पक्ष की महिला की ओर से देशनोक थाने में परिवाद दिया गया। यह घटनाक्रम थाना इलाके की मेहरदान की ढाणी में हुआ। देशनोक थानाप्रभारी कश्यप सिंह ने बताया कि विमला कंवर पत्नी कुशाल दान ने थाने में परिवाद देकर आरोप लगाया है कि दोपहर को मोहल्ले में फारुख पुत्र अनारदीन नामक व्यक्ति ने खुद को देशनोक नगर पालिका का कर्मचारी बताया। यह व्यक्ति बिना अनुमति घर-घर जाकर महिलाओं के मोबाइल नंबर मांग रहा था। महिलाओं ने मोबाइल नंबर मांगने का कारण पूछा, तो उसने बताया कि पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे, तो आपको दो-दो हजार रुपए मिलेंगे। यह लोग घर-घर घूम कर खुलेआम वोट के बदले नोट का प्रलोभन देकर आदर्श आचार संहिता का उल्लघन कर रहे हैं।

# 2430 लीटर घी व 6000 किलो वनस्पति सीज

## हिसार से जोधपुर ट्रक में भेजा जा रहा था घी



राजगढ पुलिस व डीएसटी टीम ने नाकाबंदी के दौरान घी व वनस्पती से भरे ट्रक को जब्त किया।

**सादुलपुर, (निसं)।** चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने राजगढ में कार्रवाई करते हुये 2430 लीटर घी तथा 6000 किलो वनस्पति को सीज किया है। घी हिसार से ट्रक में भरकर जोधपुर भेजा जा रहा था। वहीं टीम ने मौके से घी के दो तथा वनस्पति का एक नमूना लेकर जाँच के लिये प्रयोगशाला भेजे है। तथा नमूने की जांच रिपोर्ट अनुसार खाद्य सुरक्षा एक्ट के अन्तर्गत कार्रवाई की जायेगी।

सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि गुरुवार को राजगढ पुलिस व डीएसटी टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक मिनी ट्रक को रोककर जाँच की। वहीं जाँच में ट्रक में घी तथा वनस्पति भरा हुआ मिला। इस पर पुलिस ने चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम को सूचना दी। सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद थारवान की संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि घी तथा वनस्पति की जांच में चालक से पूछताछ पर हिसार के गोपाल फूड इंडस्ट्रीज का गोपाल शक्ति देसी घी तथा रजत इंटरप्राइजेज का राजधानी ब्रांड का वनस्पति भरकर जोधपुर सप्लाई दिये जाने की जानकारी मिली। इस पर खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य पदार्थ के मालिक को मौके पर बुलाया।

- राजगढ़ पुलिस व डीएसटी टीम की नाकाबंदी पर खाद्य सुरक्षा टीम ने की कार्रवाई
- घी के दो व वनस्पति का एक नमूना लेकर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजे

जगह किराये पर लेकर घी रखवा कर किया सीज- खाद्य सुरक्षा टीम को खाद्य पदार्थ के मालिक गोपाल शक्ति ब्रांड घी तथा राजधानी ब्रांड का वनस्पति का बिल प्रस्तुत किया। ट्रक में घी गोपाल ब्रांड तथा वनस्पति का राजधानी ब्रांड मिला। जो बिल के अनुसार 15 लीटर के टीन वनस्पति, 1 लीटर तथा 500 एमएल, 2 लीटर तथा 5 लीटर के डिब्बों व जार में 2430 लीटर घी तथा 6000 किलो वनस्पति भरा हुआ था। बिल के अनुसार घी की कीमत 7 लाख 48 हजार तथा वनस्पति की कीमत 6 लाख 48 हजार बताई गई थी। टीम ने दोनों ब्रांड के तीन नमूने लेकर प्रयोगशाला में जाँच के लिए भेजा है। बाद में मिनी ट्रक में भरे 2430 लीटर घी तथा 6000 किलो वनस्पति को किराये की जगह लेकर रखवा कर सीज किया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी फूलसिंह बाजिया तथा धर्मवीर शामिल रहे।

# बांसवाड़ा में 15 करोड़ के 25 किलो सोने के जेवरात व बिस्किट बरामद

## महानिरीक्षक एस. परिमला ने लॉकरों की ऑडिट करने के निर्देश दिये

**बांसवाड़ा, (निसं)।** दाऊदी बोहरा समाज की फखरी करजन हसनात कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा बोहरा समाज के लोगों का गिरवी रखा सोना गबन करने के मामले में ट्रस्टी, उसके पुत्र, सहयोगी तांत्रिक व ज्वेलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अब तक दर्ज हुए दो प्रकरणों में लगभग 15 करोड रुपये मूल्य के लगभग 25 किलो सोने के जेवरात व बिस्किट भी बरामद किये हैं।

एक तरफ बोहरा समाज तो दूसरी तरफ जैन समाज का होने से मामला काफी पेचिंदा था लेकिन पुलिस ने गत 4 नवंबर को दर्ज रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की तब प्रथम चरण में लगभग सात लोगों ने मामला दर्ज कराया था। दूसरे मामले में 257 लोगों ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने फखरी करजन हसनात कमेटी के प्रबंधक सफदर हुसैन पुत्र सैफुद्दीन बाबजी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी ने गोल्ड के स्थान पर बॉक्स में साबुन, नकली सामान व अन्य वस्तुएं रख दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने एएसपी कानसिंह भाटी, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड के नेतृत्व में कोतवाली थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। इस टीम ने आरोपी हकीमुद्दीन पुत्र रजबअली बहरीनवाला से पूछताछ कर अन्य आरोपी उसके पुत्र हकीमुद्दीन को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने अपना जुल्म कबूल करते हुए बताया कि 30 किलो सोने के जेवरात व बिस्किट निखिल दामडिया निवासी खांदू कॉलोनी के पास गिरवी रखा है। निखिल ने अलग-अलग व्यापारियों व बैंकों में इन जेवरातों को गिरवी रखा। पुलिस ने 17 किलो से अधिक जेवरात व बिस्किट बरामद किये। जिला पुलिस अधीक्षक अभिजीत सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मामले में हकीमुद्दीन पुत्र गुलाम अब्बास कलकत्तावाला बोहरा, अली असगर पुत्र हकीमुद्दीन एवं निखिल दामडिया खांदू कॉलोनी तथा सईद खां उर्फ बाबा पुत्र अयुब खां निवासी अहमदपुरा काली कल्याण धाम गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रकरण में आरोपियों की चल-अचल संपत्ति सीज करने की कार्यवाही भी की जा रही है। पत्रकार वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड एवं कोतवाली थानाधिकारी विक्रम सिंह मौजूद रहे।



दाऊदी बोहरा समाज की फखरी करजन हसनात कमेटी के पदाधिकारियों ने गिरवी रखा सोना गबन करने के मामले में ट्रस्टी, उसके पुत्र, सहयोगी तांत्रिक व ज्वेलर को गिरफ्तार किया।

महानिरीक्षक पुलिस एस. परिमला ने गलियाकोट दरगाह की सेंट्रल फखरी करजन हसनात कमेटी को अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी लॉकरों का ऑडिट कर 15 दिन में अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। सभी आरोपियों को 16 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने 32 किलो जेवरात में से 25 किलो जेवरात बरामद कर लिये हैं जिनकी कीमत लगभग 15 करोड आंकी जा रही है। पुलिस ने दावा किया कि शेष माल की भी शीघ्र बरामदगी कर ली जाएगी।

ध्यान रहे कि दाऊदी बोहरा समाज की करजन हसनात कमेटी समाज के लोगों का सोना एवं जेवरात गिरवी रखकर बिना ब्याज के ऋण देती है जिसकी वापसी किश्तों में की जाती है। कुछ लोगों ने किश्ते अदा कर एनओसी प्राप्त कर अपने जेवरात मांगे तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस टीम में पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड, कोतवाली थानाधिकारी विक्रम सिंह, उप निरीक्षक कालुराम, सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल मुनाफ, विवेक भान सिंह, भरत कुमार, हैड कांस्टेबल चन्द्रवीर सिंह, लेखाराम, कांस्टेबल शैलेन्द्र, हितेष पाटीदार, अरविन्द, महीपाल सिंह व पृथ्वीपाल सिंह शामिल रहे।

# छह करोड़ रुपये कीमत का नौ किलोग्राम सोना व 126 ग्राम चांदी जब्त

**ब्यावर, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र निर्वाचन आयोग की गाईडलाईन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन जैकपॉट के तहत अति. पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड व सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त ब्यावर मनीष कुमार चौधरी के नेतृत्व में जिला स्पेशल टीम व थाना ब्यावर सदर की गठित संयुक्त टीम ने ऑपरेशन जैकपॉट के तहत मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक कार से करीब 6 करोड रूपये कीमत का सोना व चांदी जब्त किया।

जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति कार में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से सोना लेकर जाता है। इस पर पुलिस टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर सूचना की पुष्टि की तथा तीन दिन से लगातार हाईवे पर निगरानी रखना शुरू किया।गुरूवार को जिला स्पेशल टीम व थाना ब्यावर सदर की संयुक्त टीम ने पूरी तैयारी के साथ हाईवे पर चैकिंग शुरू की। इसी दौरान अजमेर की तरफ से एक सफेद रंग की कार आती दिखाई दी। जिसे टीम ने रुकवाया तो उसमें तीन व्यक्ति बैठे दिखाई दिये पूछताछ करने पर अपना नाम पता बताया। कार की तलाशी ली तो प्रथम दृष्टया सब कुछ सामान्य लगा व कुछ नहीं मिला। मुखबीर की पुख्ता सूचना की पुष्टि करने के लिये दोबारा गहनता से जांच की तो आगे वाली दोनों सीटों के नीचे बिछी मैट को उठाया तो नीचे गुप्त चैंबर नजर आये। जिनमें लॉक लगा हुआ दिखाई दिया। इस पर कार चला रहे व्यक्ति से चाबी मांगी तो वह आनाकानी करने लगा बाद में तलाशी ली गई तो उसके पास ही चाबी मिली।

चाबी से गुप्त चैंबर को खोल कर तलाशी ली गई तो उसमें कई बॉक्स मिले जिनको चैक किया तो उनमें सोने, चांदी जैसे आभूषण मिले जिनके बारे में कार सवार तीनों व्यक्ति कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। उन्होंने कहा कि ये सोने के आभूषण सेंपल के तौर दिखाने लेकर गया था जिसकी शुद्धता 92 प्रतिशत होना बताया। इस संबंध में उक्त तीनों व्यक्तियों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। इस प्रकार से कार में गुप्त चैंबर बना कर ले जा रहे सोने से यह प्रतीत होता है कि तीनों व्यक्ति इससे पूर्व भी अवैध परिवहन में लिप्त रहे हों। पुलिस थाना ब्यावर सदर द्वारा इस संबंध में जांच की जा है।एफएसटी टीम प्रभारी को मौके पर बुलाया गया तथा सूचना पर तहसीलदार महोदय भी उपस्थित हुए। जिनके समक्ष समस्त कार्यवाही की जाकर नाकाबंदी के दौरान मिले सभी डिब्बों का डिब्बा सहित वजन किया जो करीबन 9:956 किलोग्राम हुआ जिसमें करीबन 9 किलोग्राम सोना होने की संभावना है व 126 ग्राम चांदी मिली जिसको प्रभारी एफ.एस.टी. द्वारा जब्त करवाया गया। प्रकरण अग्रिम कार्यवाही हेतु एफएसटी टीम को सुपुर्द किया गया व आयकर विभाग को भी सूचित किया गया।



ऑपरेशन जैकपॉट के तहत मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करती टीम।

- ऑपरेशन जैकपॉट के तहत जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- प्रकरण अग्रिम कार्यवाही के लिए एफएसटी टीम को सुपुर्द किया गया व आयकर विभाग को भी सूचित किया

# भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा को गांवों में मिल रहा अपार समर्थन

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं से प्रत्याशी विधायक रामलाल शर्मा गुरुवार को पंचायतवार मीटिंग लेकर लोगों से जनसंपर्क किया।

भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा के गांवों में पहुंचने पर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया तथा ग्राम वासियों ने माला एवं साफ़ा पहनाकर भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया। साथ ही ग्राम पंचायत कालाडेरा में कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों द्वारा 280 मीटर लंबा साफ़ा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान बस स्टैंड

■ 1 दर्जन पंचायतों में जनसंपर्क किया

टांकरडा, ठाकुर जी का मंदिर मुख्य चौक जयसिंहपुरा, भगवा चौक सीताराम का मंदिर कालाडेरा, कानरपुरा स्टैंड, मुख्य चौक सामुदायिक भवन घिनोई, तेजाजी का मंदिर के पास डोला का बास, मुख्य चौक मंडाभिड़ा, सेडमाता का मंदिर लौहरवाडा, सरकारी स्कूल के सामने वाला चौक अनंतपुरा चिमनपुरा, बस स्टैंड इटावा भोपजी, पंचायत भवन के सामने धोबलाई और बस स्टैंड पंचायत के सामने सिंगोदखुर्द में जन संपर्क किया। भाजपा प्रत्याशी रामलाल शर्मा ने कहा कि कर्ज़ माफ़ी का झूठा वादा करने वालो, युवाओं को बेरोज़गारी का झूठा वादा करने वालो, पेपरलीक कर युवाओं के साथ खिलवाड़ करने वाली और इस भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फैंकना है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ को मज़बूत करने के लिए कहा। साथ ही आमजन से 25 नवंबर को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क में रामलाल शर्मा को फूलों से तौला गया है। इस मौक़े पर मंडल अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



भाजपा प्रत्याशी विधायक रामलाल शर्मा ने पंचायतवार मीटिंग लेकर लोगों से जनसंपर्क किया।

## संक्षिप्त

### यादव के समर्थन में मतदान की अपील

**कोटपूतली, (निसं)।** पीसीसी मेम्बर मधुर यादव ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों में जनसम्पर्क करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव के समर्थन में मतदान की अपील की। यादव ने ग्राम चुरी में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। वहीं ग्राम छारदड़ा में फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन में भी भाग लिया। साथ ही क्षेत्र के ग्राम भुरी भड़ाज में भी जनसम्पर्क किया।

### समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया

**दूदू, (निसं)।** विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने गुरूवार को अपने समर्थकों के साथ विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क किया। बैरवा ने सुल्तानिया, टीकेल पुरोहितान, पिणाच, रवेतपुरा, पचाला, शंकरपुरा, भरतपुरा, चकवाडा में जनसम्पर्क कर अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान मण्डल पदाधिकारी व कार्यकर्ता साथ रहे। उधर कांग्रेस प्रत्याशी बाबूलाल ने अपने समर्थकों के साथ गांवों में जनसम्पर्क कर वोट मांगे।

## दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने लिये नामांकन वापिस

**कोटपूतली, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर नाम वापसी के अन्तिम दिन गुरूवार को दो निर्दलिय प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिये। जिसके बाद अब कुल 09 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। शेष रहे निर्दलिय प्रत्याशियों को

■ 9 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिये गये हैं। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम मुकुट सिंह ने बताया कि निर्दलिय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाली कस्बा निवासी राधा देवी पटेल व ग्राम चुरी निवासी हेमराज यादव ने अपना नामांकन वापस ले लिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रत्याशी हंसराज पटेल की पत्नी राधा देवी पटेल ने भी डमी कन्डीडेट के रूप में निर्दलिय नामांकन किया था। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में भाजपा के हंसराज पटेल, कांग्रेस के राजेन्द्र सिंह यादव, बसपा के प्रकाश चंद सैनी, आरएलपी के सतीश कुमार मांडैया, जजपा के रामनिवास यादव समेत चार निर्दलिय प्रत्याशी भी शेष बचे है। जिनमें क्रमशः एड. अशोक कुमार सैनी को अलमारी, मुकेश गोयल को बल्ला, रामसिंह कसाना को सिलाई मशीन व लक्ष्मी देवी को गैस सिलेन्डर चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

## सार-समाचार

### मेहता ने दर्जनों गांवों का दौरा किया



**टोंक, (निसं)।** टोंक विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता ने वजीरनगर, हनीफपुर, खलीलाबाद, वजीराबाद, पराणा, दादीया, बरोनी, मोटूका, कारोला, चिरोंज, देवली, भांची, मुख्तारनगर, मण्डावर, देवगंज, चोकड़ी, सीतारामपुरा सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क किया। ग्रामीण वासियों ने भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता का गर्मजोशी से जगह-जगह स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी अजीत सिंह मेहता ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा भाजपा जीत की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार ने केंद्र की योजनाओं को अटकाने का काम किया है। भाजपा कार्यकर्ता विपक्ष में रहते हुए भी जनता की सेवा में लगा हुआ था। लेकिन कांग्रेस सरकार के जन प्रतिनिधियों ने जनता की सेवा करने के बजाये घर बेठे हुए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त हो रहा है। कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए प्रदेश के साथ टोंक की जनता भी बदलाव करना चाहती है, इसकेलिए सभी भाजपा कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हैं। उन्होंने टोंक विधानसभा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि विकास में कोई कमी नहीं आने देंगे।

### भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क जारी

**फुलेरा/सांभरझील, (निसं)।** फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्मल कुमावत ने गुरुवार को नरैना तथा ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए तेजाजी मार्ग, आजाद चौक, सुभाष चौक कुम्हारों का चौक बस स्टैण्ड, कटला बाजार सहित अनेक स्थानों पर जन समुदाय से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कमल के सामने वाला बटन दबाकर प्रदेश में बनने जा रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सहभागी बनने का अनुरोध किया। इस अवसर पर निर्मल कुमावत ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने पिछले 5 वर्ष में केवल अपनी कुर्सी बचाने, भाई भतीजावाद कर अपनो को लाभ पहुंचाने, पेपर लीक घौटाले करने, महिला, दलित युवा और किसानों पर अत्याचार के अलावा आमजन के लिए कोई भी जनहितकारी कार्य नहीं किया। अब आगामी चुनाव में ऐसी अकर्मण्य सरकार को सबक सीखा कर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का समय आ गया है। राजस्थान प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। जिससे हमारे क्षेत्र का उज्जवल भविष्य हमे स्पष्ट दिखाई दे रहा है। अतः भारी संख्या में मतदान कर भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। ताकि विकास की दौड़ में हमारा क्षेत्र किसी से पीछे ना रहे।जनसंपर्क के दौरान पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सुपोषण दिवस एवं दीपोत्सव मनाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम नावलाई आंगनबाड़ी केंद्र पर सुपोषण दिवस एवं दीपोत्सव मनाया गया। कार्यकर्ता सुमन जांगिड़ ने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक रामकरण शेट्टी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन जांगिड ने दीप जलाकर मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की ।कार्यक्रम में गांव की कई महिलाएं उपस्थित हुई उनको सुपोषण की जानकारी दी व दीपोत्सव के बारे में विस्तार से बताया।

## निर्दलीय गोयल ने गांवों में जनसम्पर्क किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल ने बुधवार को विभिन्न गांवों का दौरा कर जनसम्पर्क किया।

ग्राम दांतिल, द्वारिकपुरा, सुदरपुरा ढ़ाढ़ा, बेरी बांध, ढ़ाणी दौलत सिंह वाली, बनार, ढ़ाणी गाड़ोतिया में गोयल का ग्रामीणों ने साफा बांधकर स्वागत किया। इस मौके पर गोयल ने कहा कि आज मुकेश गोयल के रूप में कोटपूतली की आम जनता चुनाव लड़ी रही है। कार्यकर्ताओं का जोश इस कदर है कि हर कोई मुकेश गोयल के समर्थन में आता दिख रहा है। गोयल ने कहा कि कोटपूतली के स्वाभिमान व सुरक्षा के लिए लड़ेगें और जीतेगें। गोयल ने बल्ला चुनाव चिन्ह आवंटित होने पर आमजन से आग्रह किया कि आप सब मेरी ताकत है। यह चुनाव चिन्ह मुकेश का नहीं बल्कि 36 कौम का विश्वास है। इस दौरान चिनू बन्ना, ख्यालीराम सैनी, भागचन्द सैनी, किशोरी लाल सैनी, जयराम रावत, पूर्व सरपंच बोदराज, नितेश यादव, अशोक, दयानन्द शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, रमेश चन्द सैनी, श्याम लाल सैनी, नंदलाल सैनी, दयानंद शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, अशोक कुमार शर्मा, मदनलाल सैनी, करण सैनी, रतनलाल सैनी, सुरेश सैनी, अजीत सैनी, मुकेश कोतवाल, कमीशन गुर्जर, राजू यादव, सुनील कुमार, अजय राजपूत, रामविलास यादव, राजूराम सैनी, सुरेंद्र कुमार, पंकज कसाना, महेंद्र सैनी, रोहिताश सैनी, राहुल गुप्ता, अनमोल पंजाबी, पीसी धोलीवाल, रामावतार स्वामी, छोटेलाल शर्मा, राजेश गुर्जर समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दौसा के पांच विधानसभा क्षेत्र में 43 उम्मीदवार चुनावी मैदान में, होगा कड़ा मुकाबला

**दौसा, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के लिए दौसा जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों के लिए कुल 43 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरेंगे। सबसे ज्यादा 12 उम्मीदवार महवा विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। जबकि सबसे कम 3 कैंडिडेट लालसोट सीट से उतरेंगे। वहीं बागी व अन्य 13 निर्दलीय भी चुनावी मैदान में डटे होने के साथ राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने के साथ प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के लिए सिरदर्द भी बने हुए है।

मौजूदा समय में दौसा में 9, लालसोट में 3 और बांदीकुई में 10 व सिकराय में 9, महुवा में 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। लालसोट से कांग्रेस के परसादी लाल मीणा व भाजपा के

■ सबसे ज्यादा महुवा में 12, लालसोट में 3 उम्मीदवार

रामविलास डूंगरपुर के बीच सीधा मुकाबला है वहीं बसपा से द्वारका प्रसाद मीणा भी मैदान में हैं। महुवा से निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है, जबकि राज्य सांसद डॉ किरोड़ीलाल के भतीजे राजेंद्र मीणा भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। वहीं पीसीसी सदस्य रहे रामनिवास गोयल भी निर्दलीय उतरे हैं। बसपा व एएसपी उम्मीदवार सहित एक दर्जन प्रत्याशी मैदान में है। सिकराय से कांग्रेस प्रत्याशी ममता भूपेश व भाजपा के विक्रम बंशीवाल के बीच सीधा मुकाबला हैं। भाजपा से टिकट मांग रहे पूर्व विधायक नंदलाल बंशीवाल ने भी विक्रम बंशीवाल का समर्थन कर चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

दौसा विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा व भाजपा के शंकर शर्मा लगातार तीसरी बार आमने-सामने हैं। वहीं कांग्रेस के बागी राधेश्याम नांगल आजाद समाज पार्टी से और बसपा के रामेश्वर गुर्जर ने मुकाबला रोचक बना दिया है। यहां चतुष्कोणीय मुकाबला होना सामने आ रहा है। बांदीकुई सीट से भाजपा प्रत्याशी भागचंद सैनी व कांग्रेस के गजराज खटाना के बीच मुख्य मुकाबला है। यहां सैनी व गुर्जर वोटर्स ध्रुवीकरण के बाद सामान्य, एससी व एसटी मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। हालांकि यहां भाजपा के बागी पंकज शर्मा आरएलपी से मैदान में हैं। बसपा से भवानी सिंह गुर्जर के चुनावी मैदान में उतरने से समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। विधानसभा आम चुनाव में दौसा जिले में दोनों दिन कुल नौ प्रत्याशियों ने नामांकन वापिस लिये। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र बांदीकुई से रामहेत, सुनिता सैनी, जसवन्त सिंह चौहान एवं विनोद कुमार शर्मा ने तथा विधानसभा क्षेत्र महवा से सरोज, धर्मेन्द्र, पूजा , प्रेम गोयल एवं हेमराज ने अपना नामांकन वापिस ले लिया है तथा विधान सभा दौसा, सिकराय एवं लालसोट से दोनों दिन में किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापिस नही लिया हैं।

## विद्याधर चौधरी ने अनेक ग्राम पंचायतों का दौरा किया

**सांभरझील/फुलेरा, (निसं)।** इंडियन नेशनल कांग्रेस के फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार विद्याधर चौधरी ने गुरुवार को क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों का दौरा किया।

ग्राम पंचायत चैनपुरा में आयोजित भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पिता डॉ. हरि सिंह सांसद रहे, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने, सरकार में मंत्री तक रहे लेकिन हमने धरातल पर रहकर ही अपना जीवन जिया है। उनकी इच्छा पर ही मैं राजनीति में इसलिए आया कि उनका सपना था फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा जिस प्रकार उन्होंने की है मैं भी उनके नक्शे कदम पर चलकर उनकी स्मृतियों को बनाए रखूं। मेरे पिता ने फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से राजनीति में रहकर 45 साल तक सेवा की है। गत चुनाव मैं मामूली वोटो के अंतर से हार गया था लेकिन यह हार मेरे जीवन में बहुत कुछ अनुभव लेकर आई है। भाजपा वालों की ओर से स्वार्थ के कारण अफवाहें फैलाई जा रही है की विद्या भाई को 25000 वोटो से हरा दो फिर कभी चुनाव लड़ने नहीं आएगा लेकिन मैं आपको बता दूं इस विधानसभा क्षेत्र की जनता को न तो मेरे पिता ने छोड़ा था और ना मैं आपका साथ छोड़ने वाला हूं। यह मेरे पिता की कर्मभूमि है। यह मेरा आखिरी चुनाव है क्योंकि मेरी 68 साल की आयु हो गई है और 5 साल बाद 73 साल का हो जाऊंगा लेकिन इस चुनाव के बाद भी राजनीति से दूर रहकर फुलेरा विधानसभा क्षेत्र की सेवा करता रहूंगा। चुनाव प्रचार के दौरान अनेक ग्राम पंचायत में उनका ग्रामीणों ने जोरदार अभिनंदन किया तथा विश्वास दिलाया इस बार उनको चुनाव जितवा कर विधानसभा में भेजेंगे।

## चाकसू विधानसभा क्षेत्र से पांच प्रत्याशी मैदान में

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा आम चुनाव 2023, नामांकन वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी ने वापस नहीं लिया। वहीं एक प्रत्याशी का नामांकन खारिज होने के बाद अब 5 प्रत्याशी मैदान में है। आरएलपी प्रत्याशी विकेश खोलिया आज धनतेरस को कार्यालय का उद्घाटन करेंगे , खोलिया के मैदान में उतरने से विधानसभा चुनाव रोमांचक हो गया है। आरएलपी मीडिया प्रभारी राम जाट ने बताया कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से प्रत्याशी विकेश खोलिया के प्रधान चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ शुक्रवार दोपहर 11.15 बजे चाकसू पुलिस थाने के सामने होगा। समारोह के मुख्य अतिथि भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन , विशिष्ट अतिथि रामस्वरुप कसाणा पूर्व राज्य मंत्री राजस्थान सरकार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रालोपा, रणदीप सिंह चौधरी प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, शंकर नारोलिया जिलाध्यक्ष रालोपा जयपुर, बाबूलाल रेहडा प्रदेश मंत्री रालोपा होंगे। जिसके लिए खोलिया ने कार्यकार्ताओं की बैठक ली और तैयारियो अंतिम रूप दिया। प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यकर्ताओ को वाहन की व्यवस्था, मतदाताओं को पीले चावल देकर आमंत्रित करने सहित अन्य जिम्मेदारियां दी गयी।

## धनतेरस आज

**निवाई।** शुक्रवार को आयुर्वेद के जनक भगवान धनवन्तरी की जयन्ती मनाई जाएगी। भगवान धनवन्तरी की सभी आयुर्वेद चिकित्सालयों में विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। धनतेरस पर शहर के बाजारों में धन की वर्षा होगी। धनतेरस के साथ ही पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ होगा। दीपावली के त्यौहार को लेकर सारे बाजार विद्युत लाईटों से सज गए हैं। लोग शुभ मुहुर्त में सोने-चांदी के सिक्के, आभूषण व बर्तनों की खरीदारी करेगें। धनतेरस के मुहुर्त को लेकर लोगों ने दो दिन पूर्व ही वाहनों की बुकिंग करवा दी है। शहर में हीरो, होण्डा, टीवीएस, बजाज, महिन्द्रा, मारूति सहित अन्य वाहनों के शोरूम हैं।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन–12**
**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: LU2012/JDA/2022-23/101714
LU2012/JDA/2022-23/101925 दिनांक: 08/11/2023

**लोक सूचना**

श्री M/S HIND TERMINALS PVT LTD THRO. AUTHORISED SIG. SHASHI S. P. GUPTA पुत्र श्री LATE RAMCHANDRA PRASAD जाति MAHAJAN निवासी 501 A WING 215 ATRIUM ANDHERI KURIA ROAD ANDHERI EAST MUMBAI -400093 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का इंफ्रास्ट्रक्चर, व वेयर हाउसिं• प्रोजेक्ट्स प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:–

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नंन्दगांव, जयपुर (जयपुर) | HIND TERMINALS PVT LTD. | 208/46 | 37839 | 3.7839 |
| 2. | मुण्डियारामसर, जयपुर (जयपुर) | HIND TERMINALS PRIVATE LIMITED | 28 | 18211 | 1.8211 |
| | | | | कुल | 5.6050 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क औरा राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है।

उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 08-11-2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन–12
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर


## शाहपुरा में 6 प्रत्याशी मैदान में

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा विधानसभा में नामांकन वापसी के बाद अब 6 प्रत्याशी मैदान में है।

गुरूवार को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर साफ हो गई। अब 1 निर्दलीय समेत 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। सभी प्रत्याशियों के सिब्बल आवंटन किये गये जिसमें निर्दलीय उम्मीदवार आलोक बेनीवाल को सिलाई की मशीन का चिन्ह हुआ आवंटित हुआ है। गौरतलब है कि पिछली बार भी आलोक बेनीवाल को सिलाई की मशीन का चुनाव चिह्न मिला था। रिटर्निंग अधिकारी अशोक कुमार व चुनाव प्रभारी राजेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि बैलेट नंबर 01 पर कमल के फूल का निशान, 02 पर हाथी का निशान, 03 पर हाथ का निशान, 04 पर झाडु का निशान, 05 पर बोतल का निशान व 06 सिलाई की मशीन का निशान का चिन्ह हुआ आवंटन किया गया है।

## तीन प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लुणीया ने बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन 15 प्रत्यासियों के नामांकन जमा हुये थे।

इनमें से जांच के दौरान एक नामांकन डॉ. दिनेश सिंह शेखावत का निरस्त कर दिया गया था। वहीं नामांकन वापसी के अंतिम दिन तीन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लिये गये हैं।

इनमें विराटनगर विधानसभा से हरिराम गुर्जर, सुंदरलाल जाट, श्रीराम ज्योंकि निर्दलीय प्रत्याशी हैं उन्होंने नाम वापस लिया ले लिया है।

इसके बाद अब स्थिति स्पष्ट हो गई है तथा विराट नगर विधानसभा सीट में कुल 11 प्रत्याशी चुनाव के मैदान में उतर चुके हैं। वही रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद लुणीया ने बताया कि सभी प्रत्याशियों के सिब्बल आवंटन कर दिये गए है।

जिसमें कांग्रेस प्रत्यासी इंद्राज गुर्जर को हाथ, भाजपा प्रत्यासी कुलदीप धनकड को कमल का फूल, बहुजन समाज पार्टी से जयसिंह को हाथी, आजाद समाज पार्टी से रामचंद्र सराधना को केतली, निर्दलीय के रूप में चंद्रप्रकाश सैनी को गैस सिलेंडर, टीना यादव को सिलाई मशीन, धूणीलाल को कैची, भीम सहन गुर्जर को टाइप मशीन, महावीर प्रसाद कुमावत को अलमारी, महेंद्र कुमार को स्लेट, कर्नल सूरजपाल शेखावत को पानी का टैंकर निशान का चुनाव चिन्ह आवंटन किया गया है।


आरएमजीबी RMGB
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय:-1, 274, गुरु जंबेश्वर नगर, गांधी पथ वैशाली नगर जयपुर- 302021

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणी/सह-ऋणी/जमानती को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अतः उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 ( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुनः लौटकर आ गए हैं। अतः उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती का नाम व पता | मांग सूचना की दिनांक एंव बकाया राशि | बंधक चल सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| श्री शुभम् त्यागी पुत्र स्व. विपिन कुमार त्यागी ( ऋणी ) पता:-जी-602, महिमा पनाश, एयरपोर्ट रोड, जगतपुरा, जयपुर जिला जयपुर ( राजस्थान ) 302017 | 29.09.2023<br>रू. 19,15,058/- दिनांक 27.09.2023 तक एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे अतिरिक्त<br>NPA DATE: 27.09.2023 | Name of the Owner:- Sh. Shubham Tyagi S/o Sh. Vipin Kumar Tyagi<br>Hypothecated of CAR HYUNDAI CRETA 1.5 CRDI AT SX Registration No.: RJ-45 CL 7175 Chassis No.: MALPC813MLM043980 Engine No.: D4FALM041953 |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है। अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता / प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13 ( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें ।

कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 ( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक :-09.11.2023 स्थान :जयपुर ( राज. ) प्राधिकृत अधिकारी ( राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक )


## खाद-बीज की दुकानों का औचक निरीक्षण

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा में राज्य के कृषि विभाग द्वारा गुरुवार को खाद बीज की दुकानों का औचक निरिक्षण कर कृषि आदानों के नमूने लिए। सहायक निदेशक कृषि ( विस्तार)जोबनेर डाँ प्रेम चन्द वर्मा ,कृषि विभाग ने खाद बीज की दुकानों का किया औचक निरीक्षण , कृषि आदानो के लिए सैंपल लिए ।इस सम्बन्ध मे डाँ वर्मा बताया कि वर्तमान समय मे रबि की फसल की बुवाई चल रही है ।तथा किसानो को उच्च गुणवत्तापूर्ण खाद बीज मिलता रहे ,इसके लिए कृषि विभाग खाद बीज की दुकानो का समय-समय पर निरिक्षण कर कृषि आदानो के नमुने एकत्र करता है । इसी क्रम मे गुरुवार को बोराज ,भन्दे बालाजी व फुलेरा कस्बे के खाद बीज की दुकानो का ओचक निरिक्षण कर कृषि आदानो के नमुने लिए तथा बीज विक्रेताओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । निरिक्षण सहायक निदेशक डाँ प्रेमचंद वर्मा के निर्देशन मे डाँ विनोद नोगीया ,सहायक कृषि अधिकारी बाबूलाल कुमावत, कृषि पर्वेक्षक रामगोपाल यादव ने किया ।

## डॉ. सतीश पूनिया को बड़े-बुजुर्गों और मातृशक्ति ने आशीर्वाद दिया

**जयपुर/ आमेर, (निसं)।** भाजपा राजस्थान के महाजनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र के जालसू मंडल के गांवों में जनसम्पर्क कर केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के समर्थन में भाजपा की प्रचंड जीत का आव्हान किया, इस दौरान बड़े-बुजुर्गों और मातृशक्ति ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

प्रतापपुरा में तेजाजी महाराज मंदिर में दर्शन करने पहुंचे सतीश पूनियां ने वहां मौजूद लोगों से मेल मुलाकात के दौरान बच्चों से बातचीत की और प्यार-दुलार भी किया, इस दौरान बच्चों से उन्होंने पढ़ाई, खेल और भविष्य में क्या बनना चाहते हैं, इत्यादि विषयों को लेकर भी संवाद किया।

उन्होंने कहा कि, बच्चे मन के सच्चे होते हैं, जो भगवान का रूप होते हैं। आमेर विधानसभा क्षेत्र मेरे लिये परिवार है, मैं इस परिवार का आजीवन सदस्य हूं, यहां 8 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के बुजुर्ग जब मुझे भाईसाहब कहते हैं तो उसका एक अपनापन, लगाव और स्नेह है और यही प्यार मुझे पूरे राजस्थान के लोग और कार्यकर्ता करते हैं, जो मेरी उर्जा और ताकत है।



डॉ. सतीश पूनिया ने प्रतापपुरा में तेजाजी महाराज मंदिर में दर्शन कर वहां मौजूद लोगों से मुलाकात के दौरान बच्चों से बातचीत की और प्यार-दुलार भी किया।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्ट्स के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 48366037 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. सुरेन्द्र कुमार बुनकर 2. लाली सुरेन्द्र | 14.10.2023 | 3,93,248.83/- | सम्पत्ति पट्टा नं.60, ग्राम-चिराडा, ग्राम पंचायत, खोरशमदास, पंचायत समिति-जालसू, जिला-जयपुर, राजस्थान-303704 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता, पश्चिम-खाली भूमि, उत्तर-खाली भूमि, दक्षिण-खाली भूमि |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक- 10.11.2023
स्थान- जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)



*उदयपुर में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा के प्रति लोगों में अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। उदयपुर के बलीचा कृषि मंडी में आयोजित सभा में करीब 50-60 हजार लोगों की भीड़ जुटी, इनमें अधिकतर लोग ग्रामीण क्षेत्रों से आये थे।*

# मोदी की सभा में 60 हजार लोगों की भारी भीड़ उमड़ी

## उदयपुर की बलीचा कृषिमंडी में हुई सभा में ग्रामीण लोगों की तादाद ज्यादा भी देखी गई

- **मोदी ने कहा, राजस्थान की हर बहू-बेटी सम्मान से जिए और घर से निकलने का हक मिले, यह मोदी की गारंटी है।**
- **सभा में मंच पर मेवाड़ राजघराने के विश्वराज सिंह मेवाड़ भी मौजूद थे, जो नाथद्वारा से भाजपा के प्रत्याशी हैं।**
- **जनसभा में जिले की आठों विधानसभा सीटों के भाजपा प्रत्याशी, प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी व अन्य बड़े नेता भी मौजूद थे।**

उदयपुर, 9 नवम्बर (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को उदयपुर के बलीचा स्थित कृषि मंडी प्रांगण में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मेवाड़ से चुनाव की हुंकार भरी। मोदी ने अपने 40 मिनट के भाषण में महिलाओं, किसानों एवं निर्बल वर्ग को साधते हुए उनके लिए केन्द्र द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को गिनाया वहीं गहलोत पर निशाना लगाते हुए इस बार कांग्रेस को विदा करके डबल इंजन वाली सरकार को चुनने का आव्हान किया।

मोदी की इस सभा में 50 से 60 हजार लोग शामिल हुए, जिनमें अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र से आए कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल थी। सभा समाप्ति से पूर्व मोदी ने कहा, मैं आपसे एक गैर राजनीतिक बात करना चाहता हूँ, आप जब घर जाएं तो अपने पड़ौसी से कहें कि मोदी उदयपुर आए थे और आपको प्रणाम भेजा है। इस प्रणाम के बदले मुझे उनका आशीर्वाद मिलेगा जो मुझे और शक्ति देगा।

मेवाड़ राजघराने के वंशज व नाथद्वारा सीट से भाजपा प्रत्याशी विश्वराज सिंह मेवाड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी व गुजरात के पूर्व उप मुख्यमंत्री नितिन भाई पटेल ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर मेवाड़ की धरा पर नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। इसके बाद शहर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली व देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान ने उन्हें उपरणा ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

चुनाव जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा, मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा हूं, लेकिन जो जमानत पर घूम रहे हैं, उनका बुखार उतरता नहीं है। मैंने सुना किसी ने कहा था-राजस्थान में छोटी मछलियों को पकड़ा जाता है, बड़ी मछलियों पर कार्रवाई नहीं होती। अब मछली ही नहीं, बल्कि जनता को लूटने वाले बड़े मगरमच्छ भी नहीं छोड़े जाएंगे।

उन्होंने कहा, राजस्थान के नेता खुद कह रहे हैं कि, यहां ऐसी लूट मची है, जैसी कहीं नहीं है। भ्रष्ट अधिकारियों के लॉकर्स से सोना बरामद हो रहा है। मुख्यमंत्री गहलोत के करीबी अफसर दो दो दर्जन फ्लैट खरीद रहे हैं।

मोदी ने कहा, आपने देखा राजस्थान में एक लाल डायरी कांग्रेस के जी का जंजाल बन गई है। लाल डायरी में कांग्रेस के काले कारनामे छिपे हैं। भाजपा सरकार आने के बाद भ्रष्टाचारियों को पकड़ने के लिए हर लाल डायरी बाहर आने वाली है।

जनजाति लोगों को साधते हुए मोदी ने कहा कि, मेवाड़ में जनजाति के लोग रहते हैं और इन्हें मुख्य धारा में लाए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। केंद्र सरकार की योजना का लाभ जनजाति समाज को भी हुआ है। आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय भी भाजपा ने किया है।

मोदी ने कहा कि आज राजस्थान में न तो दलित, ना ही पिछड़े व गरीब सुरक्षित हैं और ना ही हमारी बहन बेटियां सुरक्षित हैं। कांग्रेस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में राजस्थान को नंबर वन बना दिया है। कानून व्यवस्था के नाम पर कांग्रेस के मंत्री कहते हैं यह मर्दों का प्रदेश है, डूब मरो, कांग्रेस के लोगों। राजस्थान में घर से निकलने के बाद बेटियां सुरक्षित महसूस नहीं करती हैं। बहन बेटियों पर अत्याचार तभी रुकेगा, जब यहां से कांग्रेस की विदाई होगी। भाजपा राजस्थान की हर बेटी बहू को विश्वास दिलाती है कि, उन्हें सम्मान से जीने और घर से निकलने का अवसर मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस की सरकार पांच साल तक इसी में उलझी रही कि कुर्सी पर कौन बैठेगा, कौन कुर्सी खींचेगा, कुर्सी बचाने के लिए क्या करना पड़ेगा। इसके चक्कर में जनता के मुद्दों को परवाह नहीं की।

मंच पर जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी ताराचंद जैन, फूलसिंह मीणा, केजी पालीवाल, उदयलाल डांगी, अमृत मीणा, प्रताप भील, बाबूलाल खराड़ी, नानालाल अहारी मौजूद थे। इनके अलावा मेवाड़ राजघराने के, हाल ही में भाजपा में शामिल हुए विश्वराज सिंह मेवाड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी, शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान भी मंच पर उपस्थित थे।

# दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराएंगे वैज्ञानिक

## प्रदूषण में कमी करने के लिए एक करोड़ रू. का प्रोजैक्ट बनाया गया

- **वैज्ञानिकों को 20 नवम्बर को दिल्ली में बादल छाने की उम्मीद है। उस दिन हवाई जहाज से 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सिल्वर आयोडीन का स्प्रे करवाया जाएगा जिससे भारी बारिश होगी।**
- **आई.आई.टी. कानपुर में वैज्ञानिक मनिंदर अग्रवाल इस प्रोजेक्ट का ट्रॉयल कर रहे हैं।**

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। यह अपने आप में एक पहला प्रयोग है। राजधानी दिल्ली को पिछले एक हफ्ते में अपनी गिरफ्त में लेने वाले वायु प्रदूषण की समस्या का निवारण करने के लिए वैज्ञानिक नई दिल्ली के कुछ हिस्सों में भारी वर्षा कराने के लिए बादलों का वर्षानुकूल बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं।

औद्योगिक एवं वाहनों के प्रदूषण, धूल तथा कृषि अपशिष्ट एवं समीपवर्ती पंजाब व हरियाणा में पराली का जलाना वायु प्रदूषण के अनेकानेक कारणों में से एक है। इसक कारण नई दिल्ली में एयर क्वालिटी इण्डैक्स (ए.क्यू.आई.) आश्चर्यजनक रूप से हाई रहता आया है, जो इसे विश्व की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी बनाता है। गुरुवार को यहां ए.क्यू.आई. के 506 स्तर रिकॉर्ड किए गए, जिसे स्विस ग्रुप एक्यू.ए.आई.आर. ने "खतरनाक" माना है।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि आगामी 20 नवम्बर के आसपास नई दिल्ली पर थोड़े बादल छाए रहेंगे। इस दौरान बारिश कराने के लिए करीब सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर हवाई जहाज के जरिए बादलों में सिल्वर आयोडीन सहित कुछ साल्ट्स का स्प्रे किया जाएगा। इसके लिए एक करोड़ रूपए का एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

इसकी ट्रायल की अगुवाई कर रहे आई.आई.टी. कानपुर के वैज्ञानिक मनिन्दर अग्रवाल ने बताया कि "उन्हें यह उम्मीद नहीं है कि नई दिल्ली पर व्यापक पैमाने पर बादल छाएंगे, लेकिन यदि कुछ ऐक किलोमीटर के दायरे में भी बादल छाते हैं तो यह अच्छा होगा।"

राजधानी के प्रदूषण का करी 38 प्रतिशत का कारण पंजाब और हरियाणा में पराली जलाया जाना है। बताया जाता है कि इन राज्यों में 15 सितम्बर से 7 नवम्बर के बीच ढूंढ जलाने के 22 हजार प्रकरण हुए हैं।

एयर क्वालिटी के गिरते स्तर को देखते हुए दिल्ली सरकार पहले ही स्कूल बंद कर चुकी है आर निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा चुकी है और यह भी कह चुकी है कि वह वाहनों की आवाजाही पर कुछ प्रतिबंध लगाएगी। केन्द्र सरकार ने भी दोनों राज्यों की सरकारों को निर्देश दिए हैं कि वे ढूंढ जलाए जाने पर नियंत्रण के लिए "प्रभावी कार्यवाही" करे।

मैक्सिको, अमेरिका, चीन, इण्डोनेशिया और मलेशिया सहित कई देश एयर क्वालिटी में सुधार करने और सूखे के दौरान अपनी फसलों में पानी देने के लिए वर्षा कराने को लेकर "क्लाउड सीडिंग" पद्धति का उपयोग कर चुके हैं। हालांकि न्यू मैक्सिको के पहाड़ों पर बर्फबारी बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग की योजना को इन आशंकाओं के मद्देनज़र वापस ले लिया गया कि इससे पर्यावरण और लोगों में ज़हर फैल सकता है।

## जस्टिस श्रीवास्तव फिर से राजस्थान में कार्यवाहक चीफ जस्टिस बने

- **राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ए. जी. मसीह का सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस के रूप में प्रमोशन हो गया है। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव इससे पहले भी कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पद संभाल चुके हैं।**

जयपुर, 9 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एजी मसीह के सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में पदोन्नत होने के बाद जस्टिस एमएम श्रीवास्तव को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। केन्द्र सरकार ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। यह दूसरा मौका है जब जस्टिस एमएम श्रीवास्तव को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है।

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा को भी पदोन्नत कर सुप्रीम कोर्ट भेज दिया गया है। उनकी जगह जस्टिस मनमोहन को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। मार्च 1964 में जन्मे जस्टिस श्रीवास्तव मध्य प्रदेश बार काउन्सिल संबंधित वकील थे वर्ष 2009 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट व वर्ष 2021 में राजस्थान हाई कोर्ट में नियुक्ति दी गई थी।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम ने राजस्थान के चीफ जस्टिस ए.जी. मसीह सहित दो अन्य राज्यों के चीफ जस्टिस को सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर नियुक्ति के लिए केन्द्र सरकार को सिफारिश भेजी थी।

## गहलोत के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आसपास के बाकी उम्मीदवार हार भी सकते हैं। गहलोत के एक और विश्वास सुनील परिहार सिवाना में मानवेंद्र सिंह के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ रहे हैं। वे बैठे नहीं हैं और मैदान में हैं जिससे कांग्रेस की संभावनाएं क्षीण ही होंगी।

सूत्रों का कहना है कि शांति धारीवाल खुद का चुनाव जीत सकते हैं लेकिन उनके नामांकन ने कांग्रेस की छवि और प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। धारीवाल के पास बहुत पैसा है, उन्होंने कोटा के लिए बहुत काम किया है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि उनके और कोटा सांसद ओम बिड़ला के बीच समझौता है और दोनों चुनाव जीतने में एक-दूसरे की मदद करते हैं।

# मीठी बोली और सबसे घुलने-मिलने के गुण से हर वर्ग का दिल जीत रहे हैं पायलट

टोंक, 9 नवम्बर (निसं)। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन है और जनता के बीच जाकर हमने काम किया है, इसी वजह से जनता का भरपूर स्नेह हमको मिल रहा है, जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी हैं।

गुरूवार को अपने प्रचार अभियान के दूसरे दिन सात पंचायतों के 33 गांवों में सघन जनसंपर्क करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि, इस बार राजस्थान में 30 साल की परम्परा टूटेगी और कांग्रेस की सरकार फिर बनेगी क्योंकि जनता में यह धारणा बन चुकी है कि जनता का भला करने वाली पार्टी कांग्रेस ही है।

पायलट ने कहा कि भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हर तरह की कोशिश कर रही है लेकिन हमारा मुद्दा विकास का है। पार्टी एकजुटता के साथ चुनाव लड़ रही है, जबकि भाजपा में बिखराव है।

पायलट ने कहा, पिछले 5 सालों में टोंक विधानसभा में जनता की मांग के अनुसार ही विकास की योजनाएं बनाकर उनका क्रियान्वयन किया गया है।

टोंक में भाईचारा बनाए रखने के साथ ही विकास के सभी क्षेत्रों में ऐसे काम हुए हैं जिनसे जनता को सीधा लाभ मिल रहा है।

हमीरपुर, लाम्बा, अलियारी, इंदोकिया, बरवास, छान बास सूर्या, मोर भाटियान पंचायतों के 33 गांवों में सचिन पायलट के प्रति सभी वर्गों के युवा, महिलाओं, पुरुषों और बच्चों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने उन्हें लड्डू, केलों से तोला।

अपने विशिष्ट अंदाज और लोगों के साथ घुलने मिलने के गुण के कारण पायलट लोगों में बहुत लोकप्रिय हैं। जहां कोई दिल्ली या जयपुर का पत्रकार उनका साक्षात्कार लेने का आग्रह करता, वे गांव वालों के बीच में ही साक्षात्कार देने बैठ जाते।

पंचायतों के कार्यक्रमों में सचिन पायलट के साथ जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, अब्दुल खालिद सेवादल जिला अध्यक्ष, कैलाशी देवी मीणा ब्लॉक अध्यक्ष, रामस्वरूप मीणा मंडल अध्यक्ष,सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागना, रमेश गुर्जर, कोजू मीणा, शिवराज बेनीवाल, रामरतन यादव, मूलचंद बैरवा, महेंद्र सिंह गैदिया, राजेंन्द्र गोयल, रामसिंह चौधरी, रामप्रताप चौपड़ा, सूरज चौधरी, कृष्णा लाल, जितेंद्र गुर्जर, कमलेश धाकड़, शिवराज चौधरी, बाबूलाल बरवास सहित अनेक स्थानीय लोग शामिल रहे।

इससे पहले कल देर शाम टोंक शहर के दस वार्डों में अलग-अलग समाज के विशिष्ट लोगों ने सचिन पायलट का अनेक स्थानों पर पुष्पमालाओं से स्वागत किया और भरोसा दिलाया कि 2018 से भी ज्यादा मतों के अंतर से कांग्रेस को जिताएंगे।

काली पलटन से पांच बत्ती तक 6 वार्डों में हुए रोड शो में सचिन पायलट पर पुष्प वर्षा की गई और हजारों की संख्या में लोगों ने रोड शो में भाग लिया।



*गुरुवार को जनसम्पर्क अभियान के दौरान पूर्व उप मु.मंत्री सचिन पायलट के सादगीपूर्ण अंदाज़ की खूब चर्चा हुई। गाँव वालों और कांग्रेसजनों के साथ चलते -चलते जब भी कोई पत्रकार उनसे सवाल पूछता तो वे ग्रामीणों के बीच बैठकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देने लग जाते। पायलट ने गाँव-गाँव व ढ़ाणी-ढ़ाणी घूमकर 33 गाँव के लोगों से सम्पर्क साधने का प्रयास किया। पायलट जहाँ भी गये वहाँ आमजनों, महिलाओं और बच्चों में पायलट के आगमन के प्रति भारी उत्साह देखा गया।*

- **कहीं लड्डू, कही फलों से तोला तो कहीं पायलट पर फूलों की बारिश की गई। आम जन भी अपने प्रिय नेता के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।**
- **पायलट ने कहा कि, राज्य में 30 साल पुरानी परम्परा टूटेगी और कांग्रेस की वापसी होगी।**
- **पायलट टोंक के चुनावी दौरे पर हैं तथा हर गांव-ढाणी और वॉर्ड में जाकर लोगों के बीच बैठकर चर्चा कर रहे हैं।**
- **सचिन पायलट ने कहा, हमने टोंक में काम किया है, इसलिए टोंक की जनता का हमें भरपूर स्नेह मिल रहा है।**

# कतर में सजा का सामना कर रहे आठ पूर्व नौसैनिकों के लिए अपील दायर की भारत ने

- **भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि, गत 7 नवम्बर को भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने जेल में बंद पूर्व नौसैनिकों से मुलाकात की।**

नयी दिल्ली, 9 नवम्बर (वार्ता)। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कतर में मौत की सजा का सामना कर रहे आठ भारतीय नागरिकों के मामले में सरकार उचित कानूनी कदम उठा रही है और यहां उनके परिजनों के भी संपर्क में है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने गुरूवार को यहां कहा कि जैसा कि मंत्रालय की ओर से पहले भी बताया गया था कि कतर की एक अदालत ने 26 अक्टूबर को अल दहरा कंपनी के 8 भारतीय कर्मचारियों से जुड़े मामले में फैसला सुनाया है। ये सभी भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मी हैं।

उन्होंने कहा कि यह फैसला गोपनीय है और इसे केवल कानूनी टीम के साथ साझा किया गया है। यह टीम अब आगे कानूनी कदम उठा रही है, और एक अपील दायर की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले पर कतर के अधिकारियों से भी बातचीत करती रहेगी।

प्रवक्ता ने कहा कि 7 नवंबर को दूतावास के अधिकारियों को बंदियों से मिलने का मौका मिला। सरकार यहां इन सभी के परिवार के सदस्यों के भी संपर्क में हैं और विदेश मंत्री ने इस महीने की शुरुआत में यहां उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी को कानूनी और कांसुलर सहायता देना जारी रखेगी। प्रवक्ता ने कहा कि वह सभी से आग्रह करेंगे कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए इस मामले में किसी भी तरह की अटकलबाजी से बचा जाये।

## दिसम्बर में संसद का शीतकालीन सत्र

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। संसद के शीतकालीन सत्र के दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में आयोजित होने व क्रिसमस से कुछ ही समय पूर्व समाप्त होने की संभावना है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की मतगणना के कुछ दिन बाद यह शुरू होगा। सामान्यत: यह सत्र नवम्बर के तीसरे सप्ताह में शुरू होता है और क्रिसमस तक चलता है। ब्रिटिश युग के आपराधिक कानूनों का स्थान लेने वाले तीन नए कानूनों पर इस सत्र के दौरान विचार किया जाना है।

# सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने मोदी के विज़न और व्यक्तित्व की तारीफ की

नई दिल्ली, 9 नवम्बर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और पीएम मोदी आर्थिक सुधारों की दिशा में काफी प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने भारत और चीन की आपस में तुलना भी की और कहा कि भारत की आबादी अभी युवा है, जबकि चीनी आबादी इसके विपरीत है और कम हो रही है। 8 नवंबर 2023 को ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम गाला डिनर में सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने ब्लूमबर्ग के प्रधान संपादक जॉन मिकलेथवेट के साथ एक बातचीत की। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान जब भारत पर सवाल किया गया तो पीएम लूंग ने कहा, मुझे लगता है कि भारत तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल, वे दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते देशों में से एक थे। पीएम मोदी अपने आर्थिक सुधारों और डिजिटलीकरण की दिशा में अपने अभियान के साथ प्रगति कर रहे हैं। वे भारत को एक और स्तर ऊपर ले जा रहे हैं। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था चीनियों का पांचवां हिस्सा है, उनका अंतर्राष्ट्रीय व्यापार चीनियों का लगभग पांचवां हिस्सा है, लेकिन उनकी (भारत) आबादी युवा है, और अभी भी बढ़ रही है, जबकि इसके विपरीत चीन की आबादी पुरानी है और पहले से ही स्थिर है और कम होने लगी है।

सिंगापुर के पीएम ने आगे कहा कि भारत को इसका अधिकतम फायदा उठाना होगा और उन्हें पूर्वी एशिया, दक्षिण पूर्व एशिया और व्यापक दुनिया को प्रभावित करने के लिए उपमहाद्वीप से आगे अपनी पहुंच बढ़ानी होगी।

## महुआ के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

की नीति निर्माण कमेटी ने किसी सांसद के निष्कासन की सिफारिश की हो।

भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली इस कमेटी की यहां एक मीटिंग हुई जिसमें महुआ के निष्कासन की सिफारिश करने वाली रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की गई।

लोकसभा के पूर्व महासचिव पी.डी.टी. आचार्य ने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, जो इसके प्रकाशन का आदेश दे सकते हैं। आचार्य ने बताया कि कमेटी के चेयरमैन अगले संसद सत्र में इस रिपोर्ट को सदन के समक्ष रखेंगे। महुआ को सदन से निष्कासित करने के सरकार के प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले बहस की जाएगी।

# भरतपुर की सातों सीटों पर कांग्रेस की हालत ...

- **डीग से अवश्य कांग्रेस प्रत्याशी विश्वेन्द्र सिंह की स्थिति कुछ ठीक कही जा सकती है। यहां उनका मुकाबला भाजपा नेता स्व. दिगम्बर सिंह के पुत्र शैलेन्द्र सिंह से है। हालांकि, गत चुनाव में भी विश्वेन्द्र सिंह को शैलेन्द्र ने कड़ी टक्कर दी थी।**

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सुभाष गर्ग है, जो गहलोत सरकार में मंत्री रहे हैं तथा पेपर लीक मामले में भाजपा उनका नाम उछाल रही है। वह यहां "पंप" चुनाव चिन्ह पर चुनाव मैदान में हैं। उनकी टक्कर भाजपा के विजय बंसल से है। बसपा के गिरीश चौधरी भी मैदान में हैं, लेकिन टिकट न मिलने से भाजपा के विद्रोही के तौर पर निर्दलीय नामांकन भरने वाले गिरधर तिवारी ने आखिरी दिन नाम वापस लेकर डॉ. सुभाष गर्ग की जीत की संभावनाओं को मुश्किल बना दिया है।

जाट बहुल नदबई विधानसभा में भाजपा के जगत सिंह कांग्रेस व बाकी विपक्षी उम्मीदवारों के मुकाबले में भारी दिख रहे हैं। जगत सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस सरकार में विदेश मंत्री रहे नटवर सिंह के पुत्र हैं और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के भांजे हैं। उनका मुकाबला बसपा से कांग्रेस का दामन थाम चुके जोगिंदर सिंह अवाना से है। अवाना भी जाट हैं और मूलतः गाजियाबाद निवासी हैं। वह पिछली बार बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे लेकिन इस बार उन्होंने पाला बदलकर कांग्रेस से टिकट हासिल कर लिया। जाट बनाम जाट की लड़ाई में नटवर सिंह के पुत्र जगत सिंह के पक्ष में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जातीय समीकरण भी मददगार है। उन्होंने जगत सिंह को भाजपा टिकट हासिल करने में सहायता की थी।

डीग-कुम्हेर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के विश्वेंद्र सिंह का पलड़ा भारी दिखता है, डीग को जिला बनवाने में विश्वेन्द्र सिंह की अहम भूमिका है। वे गहलोत सरकार में ताकतवर कैबिनेट मंत्री तो हैं ही यहां भरतपुर राजघराने के अंतिम शासक महाराजा ब्रजेंद्र सिंह पुत्र होने के नाते उनकी चमक के आगे बाकी उम्मीदवार कमजोर दिख रहे हैं। उनका सीधा मुकाबला भाजपा के शैलेंद्र सिंह से है जो 2018 का विधानसभा चुनाव मात्र 8000 वोटों से हारे थे। इस बार भी वे कांटे की लड़ाई में फंसे हैं। उनके प्रतिद्वंदी शैलेंद्र सिंह के पिता डॉक्टर दिगम्बर सिंह भाजपा के बड़े नेता थे। वर्ष 2008 में विश्वेंद्र सिंह का दिगम्बर सिंह से सियासी विवाद बढ़ा तो विश्वेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया था। जाट वर्चस्व की लड़ाई में 2008 में दिगम्बर सिंह से चुनाव हारने के बावजूद विश्वेंद्र सिंह राजस्थान की जाट राजनीति लगातार मजबूत होते रहे हैं।

भरतपुर की कामां विधानसभा सीट पर हरियाणा के मेवात की राजनीति का प्रभाव है। यहां मेव मुस्लिम आबादी 55 से 60 प्रतिशत के बीच बतायी जाती है। हरियाणा की कांग्रेस राजनीति के कद्दावर नेता चौधरी तैयब हुसैन की बेटी जाहिदा खान गहलोत सरकार में मंत्री हैं, लेकिन कांग्रेस के भीतर ही उनको टिकट देने का प्रबल विरोध हुआ। भाजपा ने जाहिदा खान का मुकाबला कराने के लिए हरियाणा के पुन्हाना से चुनाव लड़ चुकी युवा फायर ब्रांड नेता नौछम चौधरी को मैदान में उतारा है। नौछम की मां जाटव हैं इसलिए वह यहां दलित मुस्लिम समीकरण साध रही हैं। भाजपा को यहां मेव बनाम हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण और कांग्रेस में जाहिदा खान के भीतरी विरोध और उनके व्यवहार से नाराज आम लोगों के असंतोष का सहारा है। यहां मदन मोहन सिंघल ने टिकट न मिलने पर भाजपा से विद्रोह कर निर्दलीय पर्चा भर कर भाजपा के समीकरणों को बिगाड़ दिया है। वह दो बार भाजपा से विधायक थे, इस बार उनका टिकट कटा है।

नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एक और रोचक सीट है, जहां मेव मुस्लिम और जाटव राजनीति का खासा दबदबा है। पिछली बार बसपा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़ने वाले वाजिद अली ने इस बार कांग्रेस का टिकट हथिया लिया। वे ऑस्ट्रेलिया में निजी विश्वविद्यालय चलाते हैं। उनका दावा है कि बसपा के जाटव वोटों पर भी उनकी पैठ है। लेकिन बसपा ने उन्हें दल बदल का सबक सिखाने के लिए मेव समुदाय के खुर्शीद अहमद को मैदान में उतार दिया है। हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में करने को भाजपा ने यहां जवाहर सिंह गुर्जर को टिकट दिया है। दूसरी ओर आज़ाद समाज पार्टी के नेमसिंह फौजदार ने जाटव वोटों के बूते यहां की लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है।

बयाना विधानसभा (सुरक्षित) सीट पर कांग्रेस के अमर सिंह जाटव और भाजपा के बच्चू सिंह जाटव के बीच रोचक मुकाबला है। इन दोनों प्रमुख उम्मीदवारों का गांव एक ही है। यहां भाजपा की विद्रोही रितु बानावत पार्टी से विद्रोह कर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। उनके पति हाल तक भाजपा भरतपुर के जिलाध्यक्ष थे। पत्नी के निर्दलीय लड़ने पर भाजपा ने उनके पति ऋषि बंसल को पार्टी से निकाल दिया। भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की एक अन्य सुरक्षित सीट है वैर, जहां कांग्रेस के वर्तमान विधायक भजन सिंह और भाजपा के बहादुर सिंह कोली के बीच सीधा मुकाबला है। बहादुर सिंह कोली भाजपा से दो बार विधायक व एक बार सांसद रह चुके हैं। पूर्व में भजन लाल सचिन पायलट के खेमे में थे। लेकिन पाला बदलने के लिए इनाम के तौर पर

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908


BIKAJI
धनतेरस
की स्वादिष्ट
शुभकामनाएं
RISHTEY
RISHTEY
Mango
Kaju Sangam
Anjeer Dry Fruit
Kaju Katli
Manbhavan
Regional Sales Manager: Pankaj Mittal, M: 9838572233 Area Sales Manager: Vipin Awasthi, M: 9414209211, Anoop Singh, M: 9810697713 Sales Officer: Sunil Kumawat, M: 9829668928, Vishal Singh, M: 9414954268, Mukesh Pareek, M: 9414407768, Omprakash Thatera, M: 9314135013, Sher Singh Dhabas, M: 9828324003, Aayush Pareek, M: 9782238086
Bikaji Exclusive Showrooms (Jaipur): Bikaji Foods International Ltd, M: 9414546880 • Dev Marketing, M: 9829022711, 9414072095 • Bikaner Namkeen and Sweets, M: 9414060435 • Rajshree Resort (Dinesh Agencies), M: 9597523402 • SK Marketing, M: 8384922158 • I.G. Foods & Snacks, M: 9829051600
Authorised Distributors: I.G. Foods & Snacks (Jaipur) M: 9828452878 • M.K. Marketing (Jaipur) M: 9829053235 • Khandelwal Sales Agencies (Jaipur) M: 9414044131 • Dev Marketing (Jaipur) 9829022711 • Sharma Enterprises (Jaipur) M: 9799972666 • Stellar Structures Private Limited (Jaipur) M: 9166957093 • K.S Marketing (Jaipur) M: 9314508605 • Ratan & Company (Dausa) M: 9887555044 • Ashok Kumar Narendra Kumar (Dausa) M: 9414335509 • Maya Agencies (Tonk) M: 9782450323 • Singhal Agency (Sawai Madhopur) M: 9828131731 • Badjatya Traders (Sawai Madhopur) M: 9414287535 • Shyam Department Store (Sawai Madhopur) M: 9887394174 • Ishu Sales Agencies (Karauli) M: 9414726175 • Shree Shyam Agencies (Dudu) M: 7014975734 • Agarwal Agencies (Kotputli) M: 8094570111 • Kanika Enterprises (Chomu) M: 9829303885 • Shri Ram Agency (Chaksu) M: 7790852727 • Puneet Genral Store (Shahpura) M: 9829576480 • Mangal Chand Pawan Kumar (Paota) M: 9214972696 • Rahul Agency (Anantpura) M: 9829327821 • Prem Traders (Phulera) M: 9887007829 • Shiv Prasad Shri Krishan Choudhary (Renwal) M: 9413083717 • Bhawani Sales (Bagru) M: 9887463388 • J K Agency (Newai) M: 9214085305 • Jyoti Enterprises (Malpura) M: 9977975170 • Ajay Enterprises (Malpura) M: 9460074715 • Khatri Trading Company (Deoli) M: 9413860512
www.bikaji.com • Download 'Bikaji Online' App from Google play | App Store
Follow us on:
BHUJIA • NAMKEEN • SWEETS • PAPAD • SNACKS
3BF/BK/71-23


"छोटा, बड़ा, हर कोई
निवेश कर सकता है."
MUTUAL FUNDS सही है
म्युचुअल फ़ंड्स आपके लिए कैसे सही हैं यह जानने के लिए:
• mutualfundssahihai.com पर लॉग ऑन करें
• आज ही अपने नज़दीकी म्युचुअल फ़ंड ऑफ़िस पर जाएं
या म्युचुअल फ़ंड डिस्ट्रिब्यूटर से संपर्क करें या फ़ायनांशियल एडवाइज़र से मिलें
@mutualfundssahihai | @MFSahiHai | Mutual Funds Sahi Hai
म्युचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.
AMFI
1206.2023


LOVE HOME®
प्यारा घर, प्यार से
JOYपुर
Pratap Nagar, Jaipur
2 & 3 BHK Ultra Luxurious Smart Homes
RERA NO. RAJ/P/2023/2668 | RERA Website: www.rera.rajasthan.gov.in
शुभ धनतेरस
प्रताप नगर जयपुर में 2 BHK घर
मात्र 36.80 L* में
DRONE SITE VISIT
एक पहल
लव होम गौ सेवा
₹11 प्रति वर्गफीट गौ सेवा के लिए समर्पित
Location Highlights
Main Tonk Road 2 mins
Coaching Hub 5 mins
Sitapura 5 mins
Jagatpura 7 mins
Chokhi Dhani 7 mins
Living Room - Sample Flat
Bedroom - Sample Flat
90571 90571
FINANCE AVAILABLE FROM ALL LEADING BANKS
Site Office: Love Home Joypur, Opposite D Mart, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur - 302033 (Rajasthan) | www.lovehome.in
SAMPLE FLAT READY
Disclaimer: This advertisement is just a presentation not a legal document. The entire picture, features, 3D image, improvements shown in the advertisement can be replaced by the developers and the relevant authorities. Pictures and artistic concepts/impression shown are not the purpose of presenting exact products. The developers will give all the facilities and amenities which he has committed in RERA. The RERA REG. No is: RAJ/P/2023/2668. Please get all the details about our project on RERA website. Love Home Joypur project is under PMAY / CMJAY - 2015 Model 3A. All CMJAY - 2015 benefits will be provided by Rajasthan Government and can be changed time to time. *Taxes & other charges as applicable.